दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शुक्रवार 22 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 163 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# अरविंद केजरीवाल को 2 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने किया अरेस्ट



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली आबकारी नीति / शराब घोटाला मामले में ईडी ने केजरीवाल को 10वीं बार समन भेजने के बाद गिरफ्तार किया। ईडी की जांच के दायरे में सीएम केजरीवाल समेत देशभर के 17 मुख्यमंत्री या पूर्व मुख्यमंत्री हैं। दर्जनभर पूर्व मंत्री व उपमुख्यमंत्रियों के खिलाफ भी ईडी अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल ये कि क्या लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ी मुसीबत में फंसने जा रहे हैं सीएम केजरीवाल?

## दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं

दरअसल, ईडी अधिकारी, गुरुवार शाम करीब सात बजे 10वां समन लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर पहुंचे। रात करीब सवा नौ बजे उनकी गिरफ्तारी की बात सामने आई। सूत्रों का कहना है कि शराब घोटाले में 10वें समन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी उनके साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की मुसीबत बढ़ा सकती है। बता दें कि गुरुवार को गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। केजरीवाल को गिरफ्तारी से राहत नहीं मिली थी।

## जेल से सरकार चलाएंगे केजरीवाल

आम आदमी पार्टी का साफ कहना है कि केजरीवाल जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएंगे. आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक न्यूज एजेंसी को केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी की योजना के बारे में बताया. उन्होंने कहा, ह्लयह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा तय कि हर कोई जेल में हो. वे चाहते हैं कि मुफ्त शिक्षा, मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त तीर्थयात्रा, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएं लेकिन अरविंद अरविंद केजरीवाल ऐसा नहीं होने देंगे।

## ईडी जांच का सामना कर चुके ये शीर्ष नेता...

ईडी की रडार पर आने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, लालू प्रसाद यादव और राकांपा संस्थापक शरद पवार जैसे कई दिग्गज नेता रहे हैं। गत वर्ष केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली कई विपक्षी पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी थी। इनमें टीएमसी, आप, आरजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, केसीआर की पार्टी, सपा और उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) आदि दल शामिल थे। इन सभी दलों के नेता जांच एजेंसियों की रडार पर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा था, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने ठान लिया है कि अगर बीजेपी को वोट नहीं दोगे और किसी दूसरी पार्टी को वोट दोगे तो उस सरकार को किसी भी हाल में काम नहीं करने दिया जाएगा। किसी राज्य में दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो उसके नेताओं के पीछे ईडी और सीबीआई छोड़ दी जाती है। केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि उन पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है।



# होली पर्व पर शहरवासियों से नगर आयुक्त ने की स्वच्छता की अपील





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर होली पर्व से पूर्व गाजिय नगर निगम द्वारा शहर में होलिका दहन के लिए सड़कों पर मिट्टी डलवाई गई है। लगभग 242 स्थानों पर मिट्टी डाली गई है। सड़क पर सीधा होलिका दहन ना हो इसके लिए शहरवासियों को संदेश भी दिया गया है। जलकल विभाग द्वारा भी होली के दिन जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए टीम को कहा गया है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की योजना बनाई गई है तथा होलिका दहन के उपरांत वेस्टिज को उठाने के लिए टीम को कहा गया है' मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों के साथ-साथ आंतरिक गलियों के प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन हेतु मिट्टी डलवाई गई है। होलिका दहन सफलता पूर्वक हो इसके लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय बनाया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम के अन्य विभाग भी इसी क्रम में त्योहारों पर विशेष व्यवस्था कर रहेहैं।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त द्वारा शहरवासियों को होली की शुभकामनाओं के साथ-साथ स्वच्छ होली मनाने की अपील की गई है। नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को शहर में होली के उपरांत विशेष सफाई अभियान के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संतोष अस्पताल में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** संतोष अस्पताल में सीएमई व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मेंआसपास के क्षेत्र से 250 डॉक्टर को उनकी चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सीएमई कॉन्फ्रेंस में संतोष मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियां व सुविधाओं के विषय में जानकारी दी गई। मेडिकल डायरेक्टर डॉ.मनीष सबरवाल मेडिकल डायरेक्टर ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में सबसे कम दरों पर संतोष हॉस्पिटल स्वास्थ्य संबंधी सभी सेवाएं प्रदान करा रहा है ,और क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है । इस सेमिनार में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर रोहन ने डायलिसिस व गुर्दों से संबंधित बीमारियों से कैसे बचा जाए यह जानकारी दी। डॉक्टर पुलकित यूरोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर अपराजिता कुमार, और जनरल सर्जरी विभाग से एच.ओ.डी. डॉक्टर समीर नक्श व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवांशु मित्तल , व डेंटल विभाग से डॉक्टर सचिन ने अस्पताल की सेवाओं की जानकारी दी। संतोष हॉस्पिटल से सी.एस.आर हेड श्वेता चौधरी ने कहा कि संतोष हॉस्पिटल एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, जो अपने मरीज को उच्च गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करता है। कांफ्रेंस में डॉक्टर रविंद्र सिंह ,पूनम ,वीरेंद्र ,हिमांशी शर्मा, कर्नल सुधीर ,एडवोकेट सतपाल यादव ,और डॉक्टर आर.के .शर्मा उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट संग की चुनावी बैठक




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोहनगर स्थित आईटी एस इंस्टीटयूट में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ,जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल और सैक्टर पुलिस ऑफिसर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सभी लोगों को ड्यूटी करते हुए सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने हैं इसलिए इस बात को भूल जाएं कि ड्यूटी लगने से पूर्व आप किस पद पर रहे। वर्तमान में आप के पास जो पद और जिम्मेदारी है उसके प्रति आपको ध्यान रखना है। साथ ही जिस पद पर आपको नियुक्त किया गया है उस पद की गरिमा, पावर, नियम की आपको पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित व अन्य अधिकारियों सहित जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल/सैक्टर पुलिस ऑफिसर उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस में अंदरूनी कलह आई सामने, आनंद शर्मा ने खरगे को भेजा खत



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में अंदरूनी कलह सामने आई है। दरअसल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम एक पत्र भेजा है। इस पत्र में जो बातें लिखी हैं, उनसे साफ है कि राहुल गांधी के बार बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। आपको बता दें कि कांग्रेस के प्रमुख चुनावी मुद्दों में एक जाति जनगणना का मुद्दा भी है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस के अंदरखाने कलह साफ नजर आ रही है। आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष खरगे को लिखे खत में इस बात पर जोर दिया है कि ह्ययह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अपमान करने जैसा है। आनंद शर्मा ने चिट्ठी में लिखी ये बातें इस चिट्ठी में आनंद शर्मा ने कांग्रेस के समावेशी दृष्टिकोण की याद दिलाते हुए लिखा है कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों के विचारों के साथ मेल नहीं खाता। उन्होंने 1980 में इंदिरा गांधी के नारे ह्यना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर को याद दिलाया। उन्होंने चिट्ठी में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस बयान की भी याद दिलाई जिसमें उन्होंने कहा था कि ह्यअगर संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में जातिवाद को मुद्दा बनाया गया तो हमें समस्या होगी। कांग्रेस इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती। राहुल गांधी ने क्या कहा था? इससे पहले राहुल गांधी द्वारा रैलियों और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जाति जनगणना का मुद्दा कई बार उठाया गया। राहुल गांधी के अनुसार जाति जनगणना देश का एक्स रे है और इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। राहुल गांधी ने इलाहाबाद में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जाति जनगणना युवाओं का हथियार है।

### रामलला के दरबार में ध्यानमग्न दिखे आस्ट्रेलिया के लेंगर तो जोंटी रोड्स हुए राममय



**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाएंटस के धुरंधर खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ से जुड़े लोग गुरुवार को अयोध्या शहर पहुंचे और रामलला के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। कोच जस्टिन लैंगर व जोंटी रोड्स के नेतृत्व में आयोजित इस आध्यात्मिक यात्रा में टीम के सहायक कोच एस श्रीराम, खिलाड़ी यश ठाकुर, प्रेरक मांकड़, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, दीपक हूडा शामिल रहे। साथ ही दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी केशव महाराज भी साथ थे जो भगवान राम के अनन्य भक्त हैं।

उनकी उपस्थिति ने टीम की यात्रा में सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक महत्व का स्पर्श जोड़ा। यात्रा के दौरान खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को अयोध्या के पवित्र स्थलों पर दर्शन, श्रद्धासुमन अर्पित करने और ऐतिहासिक शहर की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत व परंपराओं को देखने का मौका मिला। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज गेंदबाज केशव महाराज ने कहा कि राम मंदिर में प्रवेश करते समय अपार ऊर्जा का अनुभव हुआ। मैं बहुत भाग्यशाली हूं। भगवान राम का प्रबल भक्त होने के नाते उनके जन्म स्थान पर जाना और उनका आशीर्वाद लेना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। टीम के स्पिन गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि टीम के साथियों के साथ अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन के लिए जाना मेरे लिए एक जादुई अनुभव रहा।

दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने कहा कि उनकी प्रभु श्रीराम में आस्था है। उन्होंने राम मंदिर बनने पर खुशी जाहिर की थी।

### हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश-बर्फबारी के आसार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 21 से 24 मार्च तक मध्य व उच्च पर्वतीय कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। आज व कल के लिए कुछ स्थानों में अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। 25 व 26 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 27 मार्च को कुछ स्थानों पर मौसम फिर बिगड़ सकता है। वहीं आज राजधानी शिमला व आसपास भागों में धप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं।

### डीटीपी की टीम ने गांव बन में पनप रही अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

**कुरुक्षेत्र/लाडवा।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने गांव बन में एक अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की, जिससे यहां प्लाट धारकों व अन्य संबंधित लोगों में हलचल मची रही। डीटीपी अशोक गर्ग ने कहा कि नगर पालिका एमई प्रवेश को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा गांव बन लाडवा में तीन एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सड़कों को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ने न तो अवैध कालोनियों में किए जा रहे निर्माण को रोका और न ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।

## लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन ने स्लम एरिया के बच्चों के साथ मनाई होली



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन एनजीओ टीम द्वारा होली के इस रंग भरे त्योहार पर स्लम एरिया के बच्चों को होली के रंग ,पिचकारी,खिलौने ,मिठाई आदि देकर उनके साथ सभी ने रंग खेलकर मनाया होली का त्योहार। एनजीओ की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने सभी को होली के त्योहार की बधाई एवम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था की अंजू सिन्हा , नीता राय उपस्थित रही।

## अखिलेश यादव लड़ाएंगे तो वरुण गांधी के लिए छोड़ देंगे उम्मीदवारी



**बरेली।** पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से सपा से घोषित प्रत्याशी पूर्व राज्यमंत्री भगवत सरन गंगवार का चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें वह पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा नेता वरुण गांधी को लेकर काफी भावात्मक नजर आ रहे हैं। वह कह रहे हैं कि वरुण गांधी बड़े नेता हैं। अगर सपा मुखिया अखिलेश यादव उन्हें पीलीभीत से चुनाव लड़ाना चाहेंगे तो वह बिना किसी से कुछ कहे, अपनी दावेदारी छोड़ देंगे। वह यह भी कह रहे हैं कि वरुण गांधी ही नहीं बल्कि उनकी बहन प्रियंका गांधी या भाई राहुल गांधी भी सपा मुखिया से इस तरह का अनुरोध करेंगे तो उन्हें पीलीभीत सीट छोड़ने में कोई गुरेज नहीं होगा। भगवत सरन गंगवार ने कहा कि वह स्वभाव से राजनीतिक कम बल्कि धार्मिक ज्यादा हैं। उनके गुरु ने उन्हें कह रखा है कि परेशान लोगों की मदद करना। इसीलिए कोई उनका व्यक्तिगत विरोधी नहीं है। हालांकि सोशल मीडिया पर वरुण गांधी को लेकर बयान वायरल होने के बाद भगवत सरन ने पलटी मार ली है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई बयान नहीं दिया था। जातीय समीकरण साधने की कवायद सपा ने बुधवार देर शाम भगवत सरन गंगवार को पीलीभीत सीट से उम्मीदवार घोषित किया। पूर्व मंत्री का नाम घोषित होते ही सियासी माहौल गर्म हो गया। चुनावी गलियारों में हार-जीत का गुणा-भाग लगने लगा। पूर्व मंत्री के टिकट से पार्टी ने जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभाओं में पीलीभीत सदर, पूरनपुर, बीसलपुर, बरखेड़ा व बरेली जिले की बहेड़ी सीट शामिल है। जातीय समीकरण की बात करें तो यहां मुस्लिम, कुर्मी व लोध मतदाताओं की संख्या निर्णायक मानी जाती है। बरेली की नवाबगंज विधानसभा से कई बार विधायक रहे भगवतसरन के आने से चुनाव रोचक हो गया है। पांच बार विधायक चुने गए हैं भगवत सरन गंगवार बरेली के नवाबगंज तहसील क्षेत्र के निवासी भगवतसरन गंगवार पांच बार विधायक चुने गए हैं। सपा सरकार में वह मंत्री भी रहे। पूर्व में बरेली सीट पर सपा से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

## भगवती इंस्टीटयूट ने पूर्व छात्रा पूजा को नमो भारत ट्रेन में चयन होने पर किया सम्मानित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की पूर्व छात्रा पूजा सिंह का नमो भारत ट्रेन में चयन होने पर कॉलेज के चेयरमैन राकेश सिंहल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूजा सिंह के अलावा उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूजा सिंह ने आरआरटीएस में चयन के अपने अनुभव, संगठन की कार्य संस्कृति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रत्यक्ष बातचीत के अपने जीवन बदलने वाले अनुभव को साझा किया।

उन्होंने कहा कि अपने अल्मामीटर को अपने कौशल में सुधार करने और कॉलेज अतिरिक्त कक्षाओं में सम्मलित किये जाने तथा उनके करियर को आकार देने में उनके कॉलेज से उन्हें बहुत मदद मिली। पूजा सिंह ने मिस तन्वी गौड़, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख को उनके मार्गदर्शन और प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया।

सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल और निदेशक डॉ. अनिरुद्ध विश्वास ने भी सभी छात्रों को अपने शिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि एक दिन वे भी अपने करियर में ऊंचाई हासिल करें और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


## प्राइवेट जेट में पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेट करके रडार पर आए, तीन ठिकानों पर जांच

### गाजियाबाद में स्क्रैप-सीमेंट कारोबारी के ठिकानों पर आईटी रेड




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में इनकम टैक्स टीम ने सीमेंट और स्क्रैप के बड़े कारोबारी बिनय गुटगुटिया की कोठी और दो फैक्ट्रियों पर छापेमारी की है। ये कार्रवाई बुधवार सुबह से चल रही है। कहा जा रहा है कि बिनय गुटगुटिया ने पिछले दिनों प्राइवेट जेट के अंदर वाइफ का बर्थडे सेलिब्रेट किया था, जिसके बाद वे रडार पर आ गए थे। फिलहाल इनकम टैक्स ने इस कार्रवाई पर कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कोठी और दो फैक्ट्रियों पर चल रही जांच बिनय गुटगुटिया की गाजियाबाद के राजनगर में 'हरिधाम' नाम से आलीशान कोठी हैं। इनकम टैक्स के अधिकारी तीन गाड़ियों में बुधवार सुबह आए थे। इसके बाद उन्होंने कोठी का गेट बंद कर लिया। अंदर मौजूद सभी फैमिली मेंबर के फोन जब्त कर लिए। तभी से जांच पड़ताल चल रही है। कहा जा रहा है कि बिनय गुटगुटिया की दो फैक्ट्रियों पर भी इनकम टैक्स की छानबीन चल रही है। बैंक ले जाकर खुलवाए लॉकर बिनय गुटगुटिया की एक सीमेंट फैक्ट्री बुलंदशहर रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में है। वहां पर भी छापेमार कार्रवाई चल रही है। बिनय का स्क्रैप कारोबार भी है। कहा जा रहा है कि इनकम टैक्स की टीमें बुधवार को बिनय को बैंक में भी लेकर पहुंची थीं, जहां उनके लॉकर मौजूद हैं। ये लॉकर खुलवाकर तलाशी ली गई। गुरुवार दोपहर बाद तक भी ये कार्रवाई जारी है।

## रेलवे द्वारा सार्वजनिक रास्ता रोकने के मामले में श्याम पार्क का एक प्रतिनिधिमंडल मिला कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** आरडब्ल्यूए श्याम पार्क मेन सोसाइटी और व्यापार मंडल श्याम पार्क मेन का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक सुनील शर्मा से उनके कार्यालय पर मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने पहले उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दी। तदुपरांत रेलवे विभाग द्वारा श्याम पार्क का मुख्य रास्ता रोके जाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एसपी चौहान ने उत्तर प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एंड सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री को बताया कि श्याम पार्क मेन का रेलवे स्टेशन साहिबाबाद जाने का रास्ता 80 साल से ज्यादा पुराना है। इस रास्ते पर चार पहिया वाहन, टू व्हीलर तथा पैदल यात्री स्टेशन आने जाने के लिए प्रयोग करते हैं। इसके अलावा अंडरपास होकर साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में जाने तथा रेलवे स्टेशन से होकर जीटी रोड तक पहुंचने के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं लेकिन रेलवे के अधिकारी इस रास्ते को बंद करना चाहते हैं। इस संबंध में आरडब्ल्यूए ने एक पत्र डीआरएम नॉर्दर्न रेलवे को लिखा है तथा उनसे रास्ता नहीं रोकने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री सुनील शर्मा से कहा कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए काम करें तथा रेलवे को रास्ता रोकने की कार्रवाई से रोकें। जवाब में सुनील शर्मा ने कहा कि वह इस संबंध में डीआरएम रेलवे से बात करेंगे और श्याम पार्क निवासियों का हित सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने सलाह दी कि वे उत्तर प्रदेश के मंत्री हैं और रेलवे केंद्र सरकार के अधीन आता है इससे अच्छा है कि श्याम पार्क निवासी जिस तरह से मुझसे मिले हैं और ज्ञापन दिया है इस तरह से गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री व जनरल वीके सिंह से भी मुलाकात करें और अपना पक्ष रखें। मुलाकात और स्वागत करने वालों में आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एसपी चौहान, उपाध्यक्ष सतीश सिंह, महासचिव संजीव गौड़,सचिव अखिलेश यादव ,कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ,सदस्य राजेश तोमर, राजेश सिंह ,तरुण सिसोदिया, राजकुमार खन्ना, महेश सिंह ,विनोद सिंह, मनीष वर्मा तथा श्याम पार्क व्यापार मंडल के अध्यक्ष महिपाल चौधरी आदि रहे।

## परम्परागत तरीके से होली मनाने की अपील की

**लोनी (करंट क्राइम)।** अग्रवाल सेवा समिति ने क्षेत्रवासियों से भेदभाव भुलाकर परमपरागत तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की है। समिति के महासचिव एसके गुप्ता के बलरामनगर कॉलोनी स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश गर्ग ने कहा कि होली का त्यौहार प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। पहले होली के त्यौहार पर सभी लोग भेदभाव भुलाकर एक दूसरे के घर होली खेलने जाते थे, लेकिन गत कुछ वर्षों से लोग अपने खास परिचितों के साथ ही होली खेलते है जिससे समाज में विघटन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों के बीच बढ़ती दूरियां चिंता का विषय हैं। उन्होंने फूल और गुलाल आदि परमपरागत तरीके से होली का त्यौहार मनाने और समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने की अपील की है। बैठक में समिति के संरक्षक सुधीर गुप्ता, विनोद गुप्ता, केके गुप्ता, संदीप गुप्ता, प्रमोद गर्ग, कुनाल गुप्ता, प्रियांश गुप्ता, यश गुप्ता, मुकुल गुप्ता, अंजुल गर्ग, मनीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, दीपक गुप्ता, कपिल गुप्ता,अखिल गुप्ता, निखिल गुप्ता,आरव गुप्ता आदि सहित अग्रवाल समिति के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के उपरांत समिति के सदस्यों ने एक दूसरे के साथ फूल, गुलाल और चंदन से होली खेली। होली पर बुरा न मानने की अपील करते हुए समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और लोनी के आगामी चेयरमैन कैलाश गर्ग को समिति का आगामी अध्यक्ष घोषित किया गया।



दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 22 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# अरुण सिंह का आंध्र प्रदेश प्रभारी बनना क्या है जनरल वीके सिंह का टिकट होने के संकेत

## जब गुरुवार को जारी हुई लिस्ट तो दावेदारी की स्टोरी में आ गया ट्विस्ट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में जब चुनाव का समय आता है तो उस समय सियासत कई करवट लेती है। गाजियाबाद में लोकसभा वाली कहानी में उस समय चर्चा वाला मोड़ आया जब भाजपा की पहली सूची जारी हुई और इस सूची में गाजियाबाद से लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह का नाम नहीं आया।

गाजियाबाद का टिकट होल्ड हो गया और क्यों होल्ड हो गया इसे लेकर भाजपा के सियासी गलियारों में चर्चा का माहौल गर्म हो गया। दावेदारी में कई नाम चलने लगे और टिकट होल्ड के मायने अलग-अलग तरीकों से अलग-अलग खेमों में लगाए जाने लगे। यहां सबसे ज्यादा चर्चा में जो नाम चल रहा है वो नाम भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का है। अरुण सिंह के नाम की चर्चा को बल तब भी मिला जब उन्होंने बीते दिनों गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चर्चा तो यहां तक चली कि अरुण सिंह गाजियाबाद में अपना आशियाना तलाश रहे हैं। कभी यहां पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल का नाम दावेदारी में आया तो कभी कुमार विश्वास का नाम चलने लगा। सीन में फिल्मी तड़का भी लगा और कंगना रनौत से लेकर अरुण गोविल का नाम चला। लखनऊ से विधायक और ईडी के अधिकारी रहे एक आईपीएस महिला अधिकारी के पति का नाम भी चर्चा में आ गया है। किन्हीं जैन के नाम की भी चर्चा हो रही है। वहीं इन सब चर्चाओं से बेखबर जनरल वीके सिंह लगातार अपनी लोकसभा में एक्टिव पारी खेल रहे हैं। वो खुद भी होली मिलन समारोह आयोजित करा रहे हैं और दूसरों के होली मिलन समारोह में भी पूरे दिल से जा रहे हैं। दावेदारी की स्टोरी में उस समय ट्विस्ट का गया जब गुरुवार को भाजपा की लिस्ट जारी हुई। ये लिस्ट भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी की थी। इस लिस्ट में ट्विस्ट ही यह था कि इसमें राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का नाम था और उन्हें आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। यहीं से भगवा गढ़ गाजियाबाद में यह चर्चा तेजी से चल पड़ी कि क्या अरुण सिंह का आंध्र प्रदेश भेजा जाना इस बात के संकेत हैं कि यहां से जनरल वीके सिंह का टिकट कन्फर्म हो गया है।

### चर्चाओं से बेखबर जनरल वीके सिंह पूरी तरह आ रहे हैं एक्टिव नजर

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से लोकसभा सांसद हैं और लगातार दो बार वो यहां से चुनाव लड़े हैं। भारी अंतराल से चुनाव जीते हैं लेकिन इस बार टिकट होल्ड के बाद से ही कहानी में सस्पेंस वाला मोड है लेकिन अगर जनरल की विजिट और जनरल की कनेक्टिविटी को देखें तो उनकी गाजियाबाद में एक्टिविटी बता रही है कि वो पूरी तरह से चर्चाओं से बेखबर हैं। वो अपनी लोकसभा में फुली एक्टिव नजर आ रहे हैं।



**गाजियाबाद का टिकट होल्ड हो गया और क्यों होल्ड हो गया इसे लेकर भाजपा के सियासी गलियारों में चर्चा का माहौल गर्म हो गया।**

### क्यों कह रहा है एक खेमा अभी तेल देखो तेल की धार देखो

करंट क्राइम। गुरुवार को जब भाजपा की प्रदेश चुनाव प्रभारी वाली लिस्ट आई तो इस लिस्ट में एक नाम ऐसा था जिसके होने भर से यहां एक खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और एक खेमे में खामोशी छा गई। लिस्ट में अरुण सिंह को आंध्र प्रदेश का प्रभारी बनाने की बात है और लिस्ट में प्रभारी के रूप में उनका नाम है। वहीं इन सबके बीच एक खेमे ने ये कहा कि ये भाजपा है और अभी आप इसे खेल मत मानो और तेल देखो और तेल की धार देखो। ये खेमा बता रहा है कि प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया जाना पार्टी की एक व्यवस्था है और इससे टिकट की व्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। वो बता रहे हैं कि जनरल वीके सिंह को भी तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया था। इसमें ये कहा जा रहा है कि ये व्यवस्था कुछ इस तरह से है कि चुनाव के चरण से इसका कनेक्शन है। बहरहाल, अभी सस्पेंस बरकरार है क्योंकि अरुण सिंह को किसी भी एंगल से कमजोर नहीं माना जा रहा है।




## चुनाव को लेकर अधिकारियों ने ली पुलिसकर्मियों की मीटिंग

# अपराधियों, अवैध शराब तस्करी, कैश और शांति बहाली पर रहेगा जोर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव 2024 और त्यौहारी सीजन के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार को पुलिस लाइन के परमजीत हाल में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, चुनाव के नोडल अधिकारी सच्चिदानंद ने कमिश्नरेट के उपनिरीक्षकों और पुलिसकर्मियों की एक बैठक ली। बैठक में उनको आगामी त्यौहारी सीजन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर नजर रखने, अवैध शराब की तस्करी रोकने और भारी मात्रा में कैश ले जाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा वारंटियों पर कार्रवाई के साथ ही महत्वपूर्ण सूचनाएं जुटाने के काम को प्रमुखता से करने के निर्देश दिए गए हैं।

### होली और रमजान को लेकर भी है अलर्ट

करंट क्राइम। रमजान का महीना चल रहा है, तो वहीं 24 और 25 को होलिका दहन और होली का रंग है। ऐसे में किसी प्रकार से माहौल न बिगड़े इसको लेकर भी पुलिस के अधिकारियों ने निचले स्तर पर पुलिसिंग व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों को अलर्ट मोड पर किया है ताकि कहीं पर किसी प्रकार की अवस्था ना हो।

### शांतिपूर्वक चुनाव कराना रहेगी प्राथमिकता

करंट क्राइम।एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया है कि शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी देनी है। इसके साथ ही 22 मार्च से 27 मार्च तक लखनऊ की तरफ से छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। वहीं एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अधिक अलर्ट रहने का निर्देश भी दिया गया है।

## एक्शन मोड में जीडीए वीसी: फाइलों का निपटारा तत्काल करें

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बेवजह फाइलें रोककर बैठे रहना और जनता को परेशान करना जीडीए कर्मचारियों की आदत में शुमार है। सालों से इसी परिपाटी पर काम करते आ रहे हैं। खासतौर पर पिछले करीब पौने दो साल से प्राधिकरण में स्वतंत्र उपाध्यक्ष न होने का जीडीए कर्मचारियों ने खूब फायदा उठाया, जनता को खूब परेशान किया, लेकिन अब बेवजह फाइलें रोककर बैठे रहने वाले कर्मचारियों की खैर नहीं है।

### अतुल वत्स कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड़ में

**करंट क्राइम।** जीडीए के नवनियुक्त उपाध्यक्ष आइएएस अतुल वत्स कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड़ में आ गए हैं। उन्होंने प्राधिकरण के सभी अनुभाग के लिए फरमान जारी कर दिया है कि किसी भी पटल पर कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। अगर किसी भी पटल पर अनावश्यक रूप से फाइल लंबित होने की शिकायत मिली तो संबंधित कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, जीडीए उपाध्यक्ष के पास कई आवंटी शिकायत लेकर पहुंचे थे कि रिफंड व नामांतरण के लिए आवेदन किए हुए कई महीने बीत चुके हैं लेकिन हर बार टरका दिया जाता है। इस पर जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने फाइलें तलब ही की थी। बस फिर क्या था महीनों से अटके आवंटियों को काम मिनटों ने हो गए।




# पत्नी और बेटे की निर्मम हत्या करने वाला अमरदीप गिरफ्तार

## कवि नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लगभग एक सप्ताह पहले कवि नगर थानाक्षेत्र के महेंद्रा एंक्लेव में पत्नी और बेटे की हत्या करके खुद आत्महत्या का प्रयास कराने वाले आरोपी को कवि नगर पुलिस ने उपचार के बाद गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उससे पूछताछ के बाद उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व अमरदीप ने अपनी पत्नी सोनू और बेटे विनायक की हत्या करके खुद की आत्महत्या का प्रयास किया था। वह खुद भी अचेत अवस्था में पुलिस को मिला था। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था, उसका उपचार चल रहा था। उपचार के बाद अब उसकी तबीयत ठीक हो गई, तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### आर्थिक तंगी बनी थी तनाव की वजह

करंट क्राइम। पुलिस से मिली अबतक की जानकारी और इस पूरे मामले पर जांच पड़ताल बताती है कि अमरदीप आर्थिक तंगी मैं डूब चुका था। इसी वजह से उसने कर्ज भी लेना चाहा लेकिन घर वालों ने मकान के पेपर प्रॉपर्टी के रूप में देने से मना कर दिया था। इस वजह से वह तनाव में आ गया। पहले उसने पत्नी सोनू 36 की हत्या की और फिर बेटे विनायक 12 को मौत के घाट उतारने के बाद खुद आत्महत्या का प्रयास किया था। इस मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि अमरजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में उसे हत्या का दोषी माना है।

**कुछ दिन पूर्व अमरदीप ने अपनी पत्नी सोनू और बेटे विनायक की हत्या करके खुद की आत्महत्या का प्रयास किया था। वह खुद भी अचेत अवस्था में पुलिस को मिला था।**

### रिश्तेदार भी अमरदीप से हो गए दूर

करंट क्राइम। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमरदीप द्वारा उठाए गए हत्या और खुद की आत्महत्या के प्रयास कदम से उसके रिश्तेदार भी उससे अब दूर हैं। पुलिस ने बताया है कि जब वह अस्पताल में था, तो सगे भाई ने भी अमरदीप से मिलने से मना कर दिया था। इसके साथ ही उसके कई पड़ोसी और जानकार भी उसकी इस हरकत से दुखी नजर आए थे।

## घट गई गाजियाबाद के कई जनप्रतिनिधियों और प्रमुख लोगों की सुरक्षा

### जिनको मिली थी भारी भरकम सुरक्षा, उनपर रहेगा अब एक गनर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जैसे-जैसे दिन आगे बीत रहे हैं, नए-नए आदेश और प्रतिक्रिया देखने को मिल रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रमुख लोगों की सुरक्षा में भारी कटौती की गई है। कई जनप्रतिनिधि, एमएलसी, पूर्व विधायक और प्रमुख लोग ऐसे हैं जिन्हें सुरक्षा मुहैया है उनके सुरक्षा घेरे को काम किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जहां दो से अधिक गनर उपलब्ध थे, वहां केवल एक गनर चुनाव के दौरान रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर ऐसा किया गया है।

### नेताओं से लेकर उद्यमी और सुरक्षा वालों में की गई है कटौती

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा में कमी की गई है, ऐसे करीब एक दर्जन से अधिक नाम हैं। इसमें एक जेड श्रेणी के सुरक्षा प्राप्त नेता के नाम के साथ ही एमएलसी, पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक, न्यायालय से सुरक्षा लेने वाले व्यक्ति और व्यापारी व अन्य नाम भी शामिल हैं। पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि गाजियाबाद में दो ऐसे प्रमुख लोग थे जिनको केंद्र की ओर से सुरक्षा प्रदान की गई थी, उनकी भी सुरक्षा में कटौती की गई है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री और एक जनप्रतिनिधि की भी सुरक्षा घटाई गई है। करीब चार से पांच ऐसे लोग हैं जिनको न्यायालय ने सुरक्षा दी हुई थी उनकी भी सुरक्षा में कमी की गई है।

### आचार संहिता और आयोग का दिया जा रहा है हवाला

**करंट क्राइम।** पुलिस सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों की सुरक्षा में कमी की गई है, ऐसा आचार संहिता और आयोग का दिशा निर्देश था, उसी के अनुपालन में ऐसे चेहरों की सुरक्षा में कमी की गई है। सुरक्षा में कमी कहीं पर लागू कर दी गई है जबकि कई नेताओं की सुरक्षा अगले एक से दो दिन में करवा दी जाएगी। इसमें एक विधायक का भी नाम बताया जा रहा है। वहीं देहात के गांव में रहने वालों के नाम भी शामिल हैं।

### सुरक्षा वाले नामों की मॉनिटरिंग करेंगे अधिकारी

**करंट क्राइम।** पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि जिन लोगों की सुरक्षा में कमी की गई है, वहां अब पहले की तुलना में कम सुरक्षाकर्मी रहेंगे, पर उनकी सुरक्षा की मॉनिटरिंग एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे ताकि किसी प्रकार की सुरक्षा में कोताही सामने ना आए। वहीं पुलिस के साथ ही लोकल इंटेलीजेंस को भी एक्टिव किया गया है।

## संपादकीय

### भारत में अमीरों की संख्या में वृद्धि

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा 1922 के बाद से दर्ज उच्चतम स्तर पर है। द वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब द्वारा भारत में असमानता की एक शताब्दी लंबी जांच का यह निष्कर्ष है। अरबपति राज का उदय शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया है कि स्वतंत्रता के बाद की अवधि में असमानता कम हो गई, लेकिन 1980 के दशक की शुरूआत में बढ़ना शुरू हुई, और 2000 के दशक की शुरूआत से आसमान छू गई है। यह असमानता 2022-23 में शीर्ष पर पहुंची। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। चार वामपंथी झुकाव वाले अर्थशास्त्रियों के पेपर में लिखा गया है कि भारत के आधुनिक पूंजीपति वर्ग के नेतृत्व वाला अरबपति राज अब उपनिवेशवादी ताकतों के नेतृत्व वाले ब्रिटिश राज की तुलना में अधिक असमान है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह की असमानता का स्तर बड़े सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बिना कितने समय तक बना रह सकता है। लेखकों के अनुसार नीतिगत सुधारों से आय और धन असमानता को नियंत्रण में रखा जा सकता है। फोर्ब्स अरबपति रैंकिंग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि 1 अरब डॉलर से अधिक की कुल संपत्ति वाले भारतीयों की संख्या 1991 में केवल एक से बढ़कर 2022 में 162 हो गई। भारत के 10,000 सबसे अमीर व्यक्तियों के पास औसतन 2,260 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जो 16,763 गुना है। रिपोर्ट तैयार करने वालों ने अरबपतियों पर सुपर टैक्स लगाने का सुझाव दिया है। 2% का सुपर टैक्स राष्ट्रीय आय के 0.5% के बराबर राजस्व देगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सार्वजनिक बुनियादी ढांचा जैसी परियोजनाओं की फंडिंग हो सकेगी। रिपोर्ट के नतीजे बेहद चिंताजनक हैं।

# देश में तेजी से बढ़ रहा गेमिंग बाजार

## अमेरिका की 'गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस' में पहली बार भारत का पेवेलियन




**नई दिल्ली।** गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। साथ ही इस दौरान 'इंडिया गेमिंग मार्केट रिपोर्ट' भी जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गेमिंग मार्केट साल 2023 में 3.1 अरब डॉलर था, जिसके साल 2028 तक 6 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है।

खास बात ये है कि पहली बार इसमें भारत का भी पेवेलियन है। यह भारत और अमेरिका के बढ़ते संबंधों को दिखाता है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के सहयोग से गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का उद्घाटन किया गया है। फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बताया कि भारत पेवेलियन का उद्घाटन भारत-अमेरिका के संबंधों में मील का पत्थर है।

**देश में तेजी से बढ़ रही गेमिंग इंडस्ट्री**

गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। साथ ही इस दौरान 'इंडिया गेमिंग मार्केट रिपोर्ट' भी जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गेमिंग मार्केट साल 2023 में 3.1 अरब डॉलर था, जिसके साल 2028 तक 6 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कार्यक्रम में सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत के श्रीकर रेड्डी भी समेत कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। रेड्डी ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में काफी संभावनाएं हैं।

**देश में 56 करोड़ ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोग**

इंडिया गेमिंग मार्केट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अभी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में एक लाख लोग काम करते हैं और आने वाले दशक में इस सेक्टर में ढाई लाख नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। भारत में साल 2023 में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88 करोड़ थी, जिसके साल 2028 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2023 में ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोगों की संख्या करीब 56 करोड़ थी, जो 2028 तक बढ़कर 89 करोड़ हो जाएगी। भारत में साल 2015 में सिर्फ 25 गेमिंग कंपनियां थीं, जो साल 2023 में बढ़कर 1400 हो गई हैं। भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल गेम एप डाउनलोड किए जाते हैं।

## महाराष्ट्र-राजस्थान में ईडी की सख्ती, मल्टीलेवल मार्केटिंग मामले में 84.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**नई दिल्ली।** व्यापार जगत के साथ-साथ आर्थिक अपराध के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गुरुवार को कई अहम घटनाक्रम सामने आए। महाराष्ट्र और राजस्थान में एऊने सख्ती दिखाते हुए मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 84.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क की। मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को 84.24 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की।

ईडी ने यह कार्रवाई केबीसी मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड और अन्य पक्षकारों पर की है। सूचना के मुताबिक राजस्थान और महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में बनी इन संपत्तियों को पीएमएलए कानून के तहत अटैच किया गया है। ईडी के मुताबिक संपत्तियां महाराष्ट्र और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों के अलावा नासिक, ठाणे, सिंधुरगढ़ और पाली जिलों में हैं। संपत्तियों को धन शोधन निवारण कानून, 2002 के तहत 19 मार्च को अटैच किया गया। जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है इसमें प्रमोटर भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण और आरती भाऊसाहेब चव्हाण की संपत्तियां भी शामिल हैं। अन्य लोगों की तरफ से अर्जित बेनामी संपत्तियां, डीमैट खाते, डाकघर के बचत खातों में जमा पैसे, चांदी और हीरे के आभूषणों और बैंक अकाउंट में जमा पैसों को भी ईडी ने अटैच कर लिया है।

## आवासीय बाजार में बहार के संकेत

### लोकसभा चुनाव 2024 से पहले 10 साल पहले जैसी मजबूती दिखने से उत्साह



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट से जुड़ी अहम सूचना सामने आई है। बिजनेस वर्ल्ड के आंकड़ों पर नजर रखने वाली फर्म का दावा है कि आवासीय बाजार में बहार के साफ संकेत मिल रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले 10 साल पहले (2014 और 2019) जैसी मजबूती दिखने से उत्साह का माहौल बन रहा है।

चुनावी साल में शेयर बाजार के साथ-साथ रियल एस्टेट पर भी नजरें होती हैं। एक कंसल्टेंसी फर्म का दावा है कि चुनावी साल में भारत का रियल एस्टेट (आवासीय क्षेत्र) बेहद मजबूत दिख रहा है। इन संकेतों के आधार पर माना जा रहा है कि 2024 में बाजार में वैसी ही तेजी दिखेगी जैसी, 2014 और 2019 में देखी गई थी। कंसल्टेंसी फर्म एनारॉक के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि आम चुनाव और रियल एस्टेट आपस में जुड़े हुए लगते हैं।

फर्म के मुताबिक, कम से कम बीते 10 साल में हुए दो लोकसभा चुनाव- 2014 और 2019 के आंकड़े तो यही बताते हैं कि देश के आम चुनाव और रियल एस्टेट एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।

## ईडी ने एआईएडीएम के नेता विजय भास्कर के ठिकानों पर की छापेमारी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** साल 2022 में तमिलनाडु की विजिलेंस टीम ने विजयभास्कर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की थी। विजिलेंस की जांच के आधार पर ही ईडी ने एआईएडीएमके नेता के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने गुरुवार को एआईएडीएमके नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सी.विजयभास्कर के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी की कार्रवाई ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दो मामलों में 25 ठिकानों पर छापेमारी की।



**रांची में भी ईडी की छापेमारी :** ईडी ने गुरुवार को झारखंड में भी छापेमारी की। ईडी ने झारखंड कांग्रेस के नेता लाल मोहित शाहदेव और झारखंड पुलिस की एक महिला दारोगा के ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों के आवास रांच के तुपुदाना इलाके में हैं। झारखंड के जमीन से जुड़े घोटाले की जांच में दोनों के खिलाफ ईडी को कथित तौर पर सबूत मिले हैं।

ईडी ने बुधवार को बिहार के भोजपुर, बक्सर जिले में ब्रह्मपुर विधानसभा के राजद विधायक शंभूनाथ सिंह और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी आरा-बक्सर हाइवे पर अमराई नवादा स्थित होटल और पेट्रोल पंप पर एक साथ छापेमारी की गई।

**एआईएडीएमके सरकार में मंत्री रह चुके हैं विजयभास्कर**

विजयभास्कर एआईएडीएमके की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं और तमिलनाडु की पुडुकोट्टई से पार्टी के शीर्ष नेता हैं। साल 2022 में तमिलनाडु की विजिलेंस टीम ने विजयभास्कर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की थी। विजिलेंस की जांच के आधार पर ही ईडी ने एआईएडीएमके नेता के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की। इससे पहले साल 2022 में भी विजयभास्कर के खिलाफ गुटखा घोटाले में मामला दर्ज हुआ था। ईडी ने जिन ठिकानों पर छापेमारी की, उनमें रियल एस्टेट ग्रुप जीसक्वायर के चेन्नई स्थित ठिकाने भी शामिल हैं।

## पेटीएम की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह करेंगी काम, कंपनी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी




**नई दिल्ली।** पेटीएम ने अपने सभी ग्राहकों और शेयरधारकों को बताया है कि पेटीएम की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। दरअसल 'नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' ने पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन को विभिन्न बैंकों के साथ 'थर्ड पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर' के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। जिसके तहत कंपनी की यूपीआई सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। ये चार बैंक पेटीएम के पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर के रूप में काम करेंगे कंपनी ने बताया कि चार बैंक (एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक) वन97 कम्यूनिकेशन के पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर (भुगतान सेवा प्रदाता) के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्यूनिकेशन के लिए मौजूदा और नए व्यापारिक भुगतान के लिए 'व्यापारी अधिग्रहण बैंक' के रूप में काम करेगा। इसके तहत व्यापारियों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड, यूपीआई आदि के जरिए भुगतान की सुविधा मिलती है।

## इस साल गर्मियों में 20 हजार से ज्यादा घरेलू उड़ानें होंगी संचालित



**नई दिल्ली।** एविएशन मिनिस्ट्री ने अपना समर शेड्यूस पेश कर दिया है। इस शेड्यूल के अनुसार इस साल 24,275 साप्ताहिक डॉमेस्टिक फ्लाइट चलाई जाएगी। इसका मतलब है कि पिछले साल की तुलना में 6 फीसदी ज्यादा उड़ानों को ऑपरेट किया जाएगा। इस साल देश में एयरपोर्ट की संख्या भी बढ़ गई है। गर्मियों के सीजन में लगभग 125 एयरपोर्ट से फ्लाइट को ऑपरेट किया जाएगा। इनमें से कुछ नए एयरपोर्ट (जैसे- आजमगढ़, अलीगढ, चित्रकोट, गोंदिया, जलगांव, मोरादाबाद और पिथोरागढ़) भी शामिल है। इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा भी इस साल गर्मी में ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करेगी पर स्पाइसजेट कम उड़ानों का संचालन करेगी। बता दें कि ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 31 मार्च से 26 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। इंडिगो देश की सबसे बड़ी डोमेस्टिक एयरलाइन है। इस साल गर्मी में इंडिगो भी हर सप्ताह 13,781 उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो का यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 13.82 फीसदी ज्यादा है।

वहीं स्पाइसजेट पिछले साल की तुलना में 26 फीसदी कम फ्लाइट का संचालन करेगी। विस्तारा 25.22 फीसदी वीकली डोमेस्टिक फ्लाइट यानी कि 2,324 पर संचालित करेगी, जबकि अकासा एयर अपनी साप्ताहिक घरेलू उड़ानें 14.30 प्रतिशत बढ़ाकर 903 करेगी।

## राशिफल

**मेष:** मेष राशि वाले जातकों की बात करे तो दिन आपका अच्छा रहेगा। व्यापारी जातक व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को दोबारा से शुरू करने में बिजी रहेंगे।

**वृष:** वृषभ राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। आपकी मुलाकात अपने पुराने दोस्त से होगी।

**मिथुन:** मिथुन राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क:** कर्क राशि वाले की बात करें तो दिन आपका अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे जातक व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए नए तरीकों को अपनाएंगे।

**सिंह:** सिंह राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। जो लोग किसी पुरानी बीमारी से परेशान चल रहे थे, अब उन्हें आराम महसूस होगा।

**कन्या:** कन्या राशि वाले जातकों के लिए दिन सुखद रहने वाला है। आप व्यापार को मजबूती देने के लिए कोई अहम कदम उठा सकते हैं।

**तुला:** तुला राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका और दिनों के मुकाबले बेहतर रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मित्रों की सहायता लेंगे।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन अच्छा रहने वाला है। आप नौकरी में दिए गए कामों को समय पर पूरा करेंगे, कार्यों की तारीफ होगी।

**धनु:** धनु राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में स्थान परिवर्तन देखने को मिलेगा।

**मकर:** मकर राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कल आपको कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** कुंभ राशि वाले जातकों की बात करें तो कल के दिन आपको भाग्य का साथ मिलेगा। सभी जगह से कुछ ना कुछ शुभ समाचार सुनने को प्राप्त होगा।

**मीन:** मीन राशि वालों की बात करें तो दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में या कारोबार में आपकी कोई लापरवाही आर्थिक नुकसान करा सकती हैं।

## चुटकुले

लड़का- मैं उस लड़की से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका- मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में हैं। अभी उसको तेरा नंबर देती रुक।

---

गर्लफ्रेंड- तुमको मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
बॉयफ्रेंड- तुम्हारी पसंद की चॉकलेट खा लेता हू...
अच्छा बताओ जब मेरी याद आती है तो तुम क्या करती हो।
गर्लफ्रेंड- कुछ नहीं...मैं भी गुटखा खा लेती हूं।

---

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंटीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

22 03 2024
आज के जन्मदिन
करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



ध्वनि भानुशाली
गायिका


वंशिका शर्मा


श्रेयांश शर्मा


तेजेंद्र पाल त्यागी


प्रशांत आजाद


अविनाश शर्मा


दीपक तोमर


विकास लखानी


अरुण कुमार


विशाल त्यागी


सुजान सिंह


संजू सिंह


लवी दहिया


नितिन मिश्रा


जाहिद इदरीसी


विजय गर्ग

# आईपीएल से पहले चेन्नई की कप्तानी में बड़ा बदलाव
## धोनी की जगह इस युवा खिलाड़ी को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने टीम की कप्तानी में बड़ा बदलाव किया है। महेंद्र सिंह धोनी की जगह ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का नया कप्तान बनाया गया है। उन्हें आईपीएल के आगाज से ठीक पहले यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसकी जानकारी आईपीएल ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। 22 मार्च से शुरू होने जा रहे आईपीएल के 17वें सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस को तगड़ा झटका लगा है। सीएसके अपना पहला मुकाबला आरसीबी के खिलाफ शुक्रवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी। धोनी के नेतृत्व में टीम ने पिछले सीजन में गुजरात जाएंट्स को फाइनल मैच में करारी शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया था। पहले भी हो चुका सीएसके की कप्तानी में बदलाव सीएसके को पांच बार आईपीएल का खिताब जिताने वाले महेंद्र सिंह धोनी




आगामी सीजन में टीम की अगुवाई करते नजर नहीं आएंगे। यह पहली बार नहीं है कि धोनी ने इस जिम्मेदारी से किनारा किया है। इससे पहले आईपीएल 2022 में भी टीम मैनेजमेंट ने कप्तानी में बदलाव किया था। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को धोनी की जगह कप्तान बनाया गया था। हालांकि, वह इस जिम्मेदारी का निर्वाहन ठीक ढंग से नहीं कर पाए थे और लीग मैचों में टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसकी वजह से उन्होंने टीम का साथ बीच सीजन में ही छोड़ दिया था और कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद धोनी ने एक बार फिर कप्तानी संभाली थी। पिछले सीजन में टीम ने अपना पांचवां खिताब जीता था। फोटोशूट में नहीं पहुंचे धोनी आईपीएल के आगामी सीजन के लिए हुए कप्तानों के फोटोशूट में धोनी नहीं पहुंचे थे। उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ को देखा गया था, तब से ही सीएसके की कप्तानी में बदलाव के कयास लगाए जा रहे थे। गुरुवार को आईपीएल ने अपने आधिकारिक पोस्ट में इस बात की पुष्टि कर दी कि चेन्नई सुपर किंग्स का नेतृत्व धोनी की जगह ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे। वहीं, पंजाब किंग्स ने भी आईपीएल के आगामी सीजन से पहले बड़ा फैसला लेते हुए जितेश शर्मा को टीम का उप-कप्तान बनाया है। उन्हें शिखर धवन की जगह कप्तानों के साथ फोटोशूट कराते देखा गया। चेन्नई ने की पुष्टि चेन्नई सुपर किंग्स ने टीम की कप्तानी में हुए बदलाव की पुष्टि करते हुए बताया कि धोनी की जगह युवा सलामी बल्लेबाज ऋतुराज को टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 27 वर्षीय खिलाड़ी 2019 में टीम के साथ जुड़े थे। उन्होंने अब तक खेले 52 मैचों में 1797 रन बनाए हैं। इस टूनामेंट में उनके नाम एक शतक और 14 अर्धशतक दर्ज हैं। पिछले सीजन में पुणे के इस बल्लेबाज ने सीएसके के लिए 16 मैचों में 590 रन बनाए। चेन्नई को खिताब दिलाने में युवा खिलाड़ी ने अहम योगदान रहा था।

# क्या कम नहीं हुई रोहित की नाराजगी
## अभ्यास में नहीं लिया हिस्सा, मुंबई में ही रुके

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस साल टीम की कप्तानी नहीं करेंगे क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह हार्दिक पांड्या को टीम की कप्तानी सौंपी है। पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल के 17वें सीजन में अपना पहला मैच पिछले साल की उपविजेता गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को अहमदाबाद में खेलना है। रोहित भी इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।



रोहित ने बुधवार को मुंबई इंडियंस टीम के पहले इंट्रा स्क्वाड अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। टीम को इसके बाद अहमदाबाद के लिए रवाना हुई। मुंबई इंडियंस ने बयान में कहा, रोहित जो सोमवार को टीम से जुड़े थे, उन्होंने थोड़े समय के लिए ट्रेनिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने नेट सीजन, मोबिलिटी और स्ट्रेंग्थ तथा कंडिशनिंग सीजन में हिस्सा लिया। रोहित प्री सीजन कार्यक्रम के लिए मुंबई में ही रुके हुए हैं और उन्होंने अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया।

मुंबई ने सभी अभ्यास सत्र दर्शकों के बिना आयोजित किए थे। रोहित ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। भारत न यह सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी। यह सीरीज लंबे समय तक चली थी, इस कारण रोहित के वर्कलोड पर ध्यान दिया जा रहा है। रोहित के लिए आईपीएल का यह सीजन थोड़ा अलग रहेगा क्योंकि उन पर कप्तानी का दबाव नहीं होगा। पिछले एक दशक में यह पहली बार होगा जब रोहित मुंबई की कमान नहीं संभालेंगे। रोहित पहले ऐसे भारतीय कप्तान होंगे जो आईपीएल में किसी अन्य भारतीय क्रिकेटर की अगुआई में खेलेंगे। हार्दिक ने रोहित की कप्तानी में 2015 में आईपीएल में डेब्यू किया था। हार्दिक ने लगाया था रोहित को गले

हार्दिक को कप्तानी सौंपने को लेकर कई तरह की बातें चल रही थी। ऐसा भी कहा जा रहा था कि रोहित उन्हें कप्तानी से हटाए जाने से नाराज हैं और कप्तानी को लेकर दोनों खिलाड़ियों में टकराव की स्थिति बन गई है। हालांकि, मुंबई इंडियंस के नेट्स सत्र के दौरान जब दोनों खिलाड़ियों का आमना-सामना हुआ तो अलग ही तस्वीर देखने को मिली। हार्दिक और रोहित में किसी तरह का मनमुटाव देखने को नहीं मिला और हार्दिक ने रोहित को गले लगाया। दोनों खिलाड़ी इस दौरान हंसते हुए नजर आए।

# शुरुआती मैच से पहले सीएसके को लगा बड़ा झटका

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल 2024 के पहले मैच में रॉयल चैलेजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) का सामना करना है। इस मैच के लिए दोनों टीमों ने तैयारियां भी पूरी कर ली है। मैच से चंद घंटे पहले ही महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम को एक बड़ा झटका है। टीम के श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग चोट के कारण आईपीएल 2024 के शुरूआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। 21 वर्षीय गेंदबाज को बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मैच के दौरान चोट लगी थी और वह अपनी स्पैल भी पूरी नहीं कर सके थे। चोट के कारण पथिराना बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से भी बाहर रहे थे और तभी से वह श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के फिजियो के साथ रिहैब कर रहे हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, समझा जाता है कि एसएलसी से हरी झंडी मिलने के बाद ही पथिराना सीएसके की टीम के साथ जुड़ सकेंगे। पथिराना की चोट गत चैंपियन टीम के लिए बड़ा झटका है



क्योंकि इस टीम को पहले से ही न्यूजीलैंड के डेवॉन कॉन्वे की सेवाएं नहीं मिल पाएगी। कॉन्वे अंगुठे की चोट के कारण मई तक मैदान से बाहर रहेंगे। डेथ ओवरों में घातक गेंदबाजी करते हैं पथिराना पथिराना ने आईपीएल के पिछले सीजन में काफी प्रभावित किया था। पथिराना का डेथ ओवर (16-20) में इकोनॉमी रेट 8.00 का है। पथिराना पिछले सीजन में सर्वाधिक लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे। उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट अपने नाम किए थे। मुस्तफिजुर को मिल सकता है मौका पथिराना की अनुपस्थिति में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को मौका मिल सकता है। मुस्तफिजुर डेथ ओवर में टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। मुस्तफिजुर भी श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें स्ट्रेचर के जरिये मैदान से बाहर ले जाया गया था। लेकिन वह जल्द ही ठीक हो गए और चेन्नई के कैंप से जुड़ गए। मुस्तफिजुर आरसीबी के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध होंगे। अगर चेपॉक की पिच टर्न लेने वाली हुई तो सीएसके मुस्तफिजुर के साथ मोइन अली को भी शामिल करने का विकल्प रख सकती है।

# चेन्नई को थाला-धोनी का सहारा, खिलाड़ियों की चोट से मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** आईपीएल में खेलने वाली 10 टीमों में छह ऐसी हैं, जिन्होंने लीग का खिताब अपने नाम किया है। इनमें चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स ने दो, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, डेक्कन चार्जर्स और गुजरात टाइटंस ने एक-एक खिताब जीता है। दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स ने अब तक खिताब नहीं जीते हैं। इन 10 टीमों के जोर आजमाइश में ऊंट किस ओर करवट बदलेगा यह देखने वाली बात होगी। मुंबई ने दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी और श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को खरीदा, लेकिन टूनामेंट से ठीक पहले मदुशंका चोटिल होकर बाहर हो गए। ऐसे में उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर दक्षिण अफ्रीका के अंडर-19 स्टार मफाका को शामिल किया है। तेज गेंदबाज मफाका इस साल हुए अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूनामेंट रहे थे। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा को खरीदने के लिए टीम ने 4.80 करोड़ रुपये खर्च किए। उनका एक्शन फ्रेंचाइजी के गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा की तरह ही है। मुंबई ने अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी, दाएं हाथ के स्पिनर श्रेयस गोपाल पर भी बोली लगाई। फ्रेंचाइजी ने तीन ऑलराउंडर शिवालिक शर्मा, अंशुल कंबोज और नमन धीर को भी खरीदा। सीएसके ने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र पर दांव लगाया। वहीं, भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर की सीएसके में वापसी हुई। टूर्नामेंट के पिछले सीजन में चेन्नई ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खिताब पर कब्जा किया था। यह धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। चेन्नई ने अनकैप्ड खिलाड़ी समीर रिजवी के लिए खजाना खोल दिया।

# बीसीसीआई चयनकर्ता बनने की दौड़ में मिथुन मन्हास, निखिल चोपड़ा और कृष्ण मोहन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं।



उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है।

बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा,ह्यह्यचयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं। मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

# चेन्नई के नए किंग बने ऋतुराज, जानें कैसा है युवा खिलाड़ी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तानी में बड़ा बदलाव करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। आगामी सीजन में महेंद्र सिंह धोनी टीम का नेतृत्व करते नजर नहीं आएंगे। उनकी जगह सलामी बल्लेबाज को टीम की अगुवाई का जिम्मा सौंपा गया है। आईपीएल के 17वें संस्करण का आगाज 22 मार्च से होगा। पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में सीएसके बड़े बदलाव के साथ उतरेगी। टीम की कप्तानी युवा सलामी बल्लेबाज करते नजर आएंगे। वहीं, आरसीबी नए नाम के साथ फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई में खेलती नजर आएगी। पांच बार धोनी ने सीएसके को बनाया चैंपियन धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच बार आईपीएल के खिताब पर कब्जा जमाया। थाला ने 2019 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



का एलान किया था। हालांकि, वह आईपीएल में अब भी खेलते नजर आ रहे हैं, लेकिन कप्तानी में अचानक हुए बदलाव के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि यह धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है। 42 वर्षीय खिलाड़ी ने 212 मैचों में चेन्नई की अगुवाई की है। इनमें टीम को 128 मैचों में जीत और 82 में हार का स्वाद चखने को मिला। वहीं, दो मुकाबले बेनतीजा रहे। चेन्नई ने पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस को मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया था। 2019 में सीएसके से जुड़े गायकवाड़ अब टीम का कार्यभार ऋतुराज गायकवाड़ के कंधों पर है। उन्होंने 2019 में सीएसके के लिए डेब्यू किया था। अब तक खेले गए 52 मैचों में स्टार खिलाड़ी ने 135.52 के स्ट्राइक रेट से 1797 रन बनाए हैं। इस टूनामेंट में उनके नाम एक शतक और 14 अर्धशतक दर्ज हैं। पिछले सीजन में इस बल्लेबाज ने सीएसके के लिए 16 मैचों में 590 रन बनाए। चेन्नई को आईपीएल 2023 में खिताब दिलाने में युवा खिलाड़ी ने अहम भूमिका निभाई थी। वह सीएसके के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज हैं।

भारत को दिलाया स्वर्ण पदक

27 वर्षीय बल्लेबाज ने भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2017 में डेब्यू किया था। इस प्रारुप में उन्होंने 19 मुकाबले अब तक खेले। इनमें गायकवाड़ ने 140.05 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए। इसमें उनके नाम एक शतक और तीन अर्धशतक दर्ज हैं। इससे पहले गायकवाड़ को भारतीय टीम की अगुवाई करते देखा जा चुका है। पिछले साल चीन के नेतृत्व में खेले गए एशियाई खेलों में उन्होंने टीम को स्वर्ण पदक दिलाया था। इस खिलाड़ी ने भारत के लिए छह वनडे मैचों में 115 रन बनाए हैं। इसमें प्रारुप में उनका उच्चतम स्कोर 115 रन का रहा है।

# पाकिस्तान के मुख्य कोच के लिए लैंगर, कर्स्टन से भी बात कर रहा है पीसीबी

**कराची।** शेन वाटसन के इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिये जस्टिन लैंगर और गैरी कर्स्टन समेत कई विदेशी कोचों के संपर्क में है।

जंग अखबार के अनुसार पीसीबी ने लैंगर, कर्स्टन, माइक हेसन, मैथ्यू हेडन, इयोन मोर्गन और फिल सिमंस से संपर्क किया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए टीम के लिये विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ चाहते हैं।

पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने देशी कोचों को तरजीह दी थी। उनके रहते विदेशी कोचों को तीन महीने की तनख्वाह देकर पदमुक्त कर दिया गया था।

# राजस्थान का यह अहम स्पिनर अंतिम वक्त पर टूर्नामेंट से हटा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 की शुरूआत होने में अब 24 घंटे से कम का समय शेष रह गया है। सभी टीमें करीब दो महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2008 की विजेता टीम राजस्थान रॉयल्स को हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले झटका लगा है। उसके ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जांपा अंतिम वक्त पर इस आईपीएल से हट गए हैं। जांपा को राजस्थान ने पिछले साल हुई आईपीएल की नीलामी में 1.5 करोड़ रुपये में खरीदा था।




**व्यस्त शेड्यूल के कारण लिया फैसला**

ईएसपीएन क्रिकेइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, जांपा के मैनेजर ने इस बात की पुष्टि की है कि जांपा ने यह निर्णय ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए लिया है। दाएं हाथ का यह स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ राजस्थान की टीम में स्पिन आक्रमण का जिम्मा संभालता है। जांपा ने पिछले साल राजस्थान के लिए छह मैच खेले थे और आठ विकेट हासिल किए थे। चेन्नई सुपर किंग्स के दौरान उन्होंने 22 रन पर तीन विकेट झटके थे। जांपा का जाना राजस्थान के लिए झटका जांपा के टीम में नहीं होने से राजस्थान को बड़ा झटका लगा है क्योंकि टीम में पहले से ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद नहीं है। प्रसिद्ध सर्जरी के कारण इस साल आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे।

**लखनऊ से होना है पहला मुकाबला**

संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ मैच से अपने सीजन की शुरूआत करेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला जयपुर में 24 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद टीम 28 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

# धोनी-कोहली के बीच भिड़ंत से होगा आईपीएल का आगाज

**चेन्नई।** आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत होने में अब महज एक दिन शेष रह गया है। शुक्रवार को पहले मुकाबले में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से होगा। दोनों टीमों ने इस मैच के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं। सीएसके और आरसीबी की टीम में दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं और दोनों के ही पास विदेशी खिलाड़ियों का अच्छा पूल है। दोनों ही टीमें जीत के साथ इस सीजन की शुरूआत करना चाहेंगी, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि धोनी और आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस प्लेइंग इलेवन में किसे मौका देते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कल होने वाले मैच की संभावित अंतिम एकादश क्या हो सकती है। आंकड़ों में भारी है सीएसके का पलड़ा सीएसके और आरसीबी के बीच आईपीएल इतिहास में अबतक कुल 31 मैच खेले गए हैं जिसमें गत चैंपियन सीएसके ने 20 मैच जीते हैं, जबकि आरसीबी की टीम 10 मैच ही जीत सकी है। दोनों




टीमों के बीच एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। इस तरह धोनी की टीम का पलड़ा आरसीबी की तुलना में भारी नजर आ रहा है। हालांकि टी20 क्रिकेट में एक गेंद से पासा पलट जाता है, इसलिए इस प्रारूप में यह कहना कठिन होता है कि कौन सी टीम मुकाबले को जीत सकती है। सीएसके ने जीते हैं पिछले पांच में से चार मुकाबले सीएसके का प्रदर्शन आरसीबी के खिलाफ कितना शानदार रहा है उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों टीमों के बीच 2021 से 2023 तक खेले गए पिछले पांच मैचों में से सीएसके ने चार मैच जीते हैं, जबकि आरसीबी ने एक मैच में जीत का स्वाद चखा है। 2021 सीजन में दोनों टीमों के बीच दो मैच खेले गए और दोनों ही मैच में धोनी की टीम जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इसके बाद 2022 में भी सीएसके और आरसीबी के बीच दो मैच खेले गए जिसमें से एक मैच सीएसके ने जीता, जबकि दूसरे मुकाबले में आरसीबी बाजी मारने में सफल रही। दोनों टीमों के बीच पिछले सीजन में एक ही मैच खेला गया और इस मुकाबले में सीएसके ने आरसीबी को आठ रन से हराया था। घरेलू मैदान पर काफी मजबूत है सीएसके धोनी की अगुआई वाली सीएसके की टीम अपने घरेलू मैदान एमए चिदंबरम स्टेडियम पर इस सीजन का पहला मैच खेलेगी। सीएसके को उसके होम ग्राउंड पर हराना किसी भी टीम के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण होता है। सीएसके की विशेषता है कि वो घरेलू परिस्थितियों को देखकर ही टीम का चयन करती है जिसमें स्पिन गेंदबाजों को प्लेइंग इलवेन में रखा जाता है। सीएसके की तुलना में आरसीबी के पास उस स्तर के स्पिनर मौजूद नहीं है। क्या फाफ के साथ ओपनिंग करने आएंगे कोहली? आरसीबी के पास दिग्गज बल्लेबाज मौजूद हैं ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि पूर्व कप्तान विराट कोहली क्या इस सीजन में भी फाफ डुप्लेसिस के साथ ओपनिंग करने आएंगे। पिछले सीजन इनकी ओपनिंग जोड़ी काफी हिट रही थी और इसकी संभावना प्रबल है कि कोहली और डुप्लेसिस की जोड़ी ही आरसीबी के लिए पारी का आगाज करेगी। मध्य क्रम में टीम के पास ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज मौजूद हैं। इसके अलावा आरसीबी ने मुंबई इंडियंस से कैमरन ग्रीन को भी ट्रेड किया था।

कॉन्वे की जगह रचिन कर सकते हैं ओपनिंग

सीएसके की टीम में चोटिल डेवॉन कॉन्वे नहीं रहेंगे, लेकिन धोनी की टीम के पास न्यूजीलैंड के युवा सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र मौजूद हैं और इसकी पूरी उम्मीद है कि रचिन कॉन्वे की जगह ओपनिंग का जिम्मा संभालेंगे। सीएसके को श्रीलंका के मथीशा पथिराना की भी सेवाएं नहीं मिल सकेंगी जिसका मतलब धोनी इस मैच में मुस्ताफिजुर रहमान को मौका दे सकते हैं।

# राहुल नहीं रोहित के पापा बने सुनील शेट्टी, मिलकर उड़ाया राहुल का मजाक

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआ शुक्रवार से होनी है और पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से होगा। टूनामेंट की शुरूआत से पहले आयोजक तरह-तरह के मनोरंजक विज्ञापन लेकर आ रहे हैं। ऐसा ही एक विज्ञापन टूनामेंट से शुरू होने से ठीक पहले जारी किया गया जिसमें मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी दिख रहे हैं। इस वीडियो में सुनील शेट्टी मुंबई की टी-शर्ट पहनकर इस टीम को सपोर्ट करते दिख रहे हैं और रोहित लखनऊ के खिलाड़ी राहुल का मजाक उड़ा रहे हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि रोहित और सुनील शेट्टी एक रेस्टोरेंट में बैठे हैं और विज्ञापन में राहुल वहां आते हैं। उसी वक्त रोहित राहुल से कहते हैं, 'फैमिली डिनर चल रहा है यार।' राहुल इसके




बाद सुनील शेट्टी को पापा कहते हैं, लेकिन यह बॉलीवुड अभिनेता राहुल को बीच में टोककर कहता है, 'पापा नहीं, जब तक टूनामेंट चल रहा है, तब तक शर्मा का बेटा, मेरा बेटा।' यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और इसे खुद रोहित शर्मा ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है। रोहित ने वीडियो को अपलोड करते हुए कैप्शन लिखा, 'राहुल के साथ फैमिली टाइम खत्म, अब जंग शुरू हो गई है। सुनील शेट्टी अब हुए हमारे।' इसमें रोहित ने राहुल और सुनील शेट्टी को टैग भी किया है।

**हार्दिक की कप्तानी में खेलेंगे रोहित**

लंबे समय तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करने वाले रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खेलते नजर आएंगे। मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया था और रोहित की जगह उन्हें कप्तानी सौंप दी थी। बुधवार को मुंबई के ट्रेनिंग सीजन के दौरान रोहित और हार्दिक एक दूसरे से गले मिलते दिखे थे।

# शास्त्री नगर व्यापार मंडल ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शास्त्री नगर व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। फूलों की होली का सभी व्यापारियों ने आनंद लिया। अध्यक्ष सुधीर सिंह ,वरिष्ठ संरक्षक रघुराज चौधरी, चेयरमैन कुंवरपाल सिंह ,महामंत्री मोहित कुमार, संरक्षक गौरव शर्मा, संरक्षक दिलीप सक्सेना ,कोषाध्यक्ष राम अवतार ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र जिंदल और महामंत्री सलीमुद्दीन ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# जयपुरिया एन्क्लेव में मंदिर समिति का होली मिलन समारोह आयाजित



**साहिबाबाद,करं क्राइम।** जयपुरिया एन्क्लेव कौशांबी स्थित मंदिर में होली मिलन समारोह मंदिर समिति द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति द्वारा भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए सांस्कृतिक नृत्य करते हुए फूलों की होली से इस उत्सव को मनाया गया। समारोह में बीएल गुप्ता, जयपुरिया एन्क्लेव वेलफेयर एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी शोभा रानी बरनवाल, उमा मेहरा भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा समाजसेवी, एस आर सिंह, ममता कालरा, पूनम तिवारी, वंदना, प्रीति वर्मा, उर्मिला शर्मा, रजनीश शर्मा, स्नेह कंपानी शीनम, अर्चना गर्ग, सरिता गुप्ता, दीप्ति जोशी, नीता जैन,रामजी प्रसाद सिन्हा, उषा मल्होत्रा, अरुणा शर्मा, एमपी खुराना रेनू शर्मा, सुदेश गुप्ता, निर्मला पांडे, सरोज खुराना, शिखा गुप्ता, स्नेह गुलाटी, रेनू गुलाटी, आशा डबराल, पूजा ध्यानी, गीता गुलाटी, शशि सिंह, उर्मिला चावला, शीला, पवन गुप्ता, ओमदत्त शर्मा, संगीता मल्होत्रा, मंजुला गुप्ता, मंजू कपूर, पुष्पा सिंह अलका वर्मा, पूनम चंद्रवंशी, वीना बजाज, पूनम जयसवाल, मीना मलिक, स्वाती अग्रवाल, नीरा हिरदेश, अमिता जैन तथा साहित्य क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारत माता के चित्र के साथ अभद्रता करने पर आप कार्यकर्ता नामजद

**लोनी (करंट क्राइम)।** भारत माता के चित्र के साथ सोशल मीडिया पर अभद्रता और अश्लीलता दिखाने पर एक सामाजिक संगठन के पदाधिकारी ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक नितिन शर्मा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के सदस्य सार्थक चौधरी तथा गाजियाबाद महापौर पद के पूर्व प्रत्याशी जानकी जगत विष्ट ने अपनी जेय रोक के नाम से फेसबुक पर बनाई गई आईडी तथा अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर भारत माता के चित्र के साथ अभद्रता तथा अश्लीलता का प्रदर्शन किया है। भारत माता के चरित्र और छवि को धूमिल कर करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है।

प्रतीत होता है कि वह देश में अराजगता का माहौल उत्पन्न करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व यह दंगे करवाने की साजिश भी हो सकती है। नितिन शर्मा की तहरीर पर लोनी थाने में सार्थक चौधरी तथा जानकी जगत विष्ट के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।




**अवर अभियंता कराते है खुद शिकायत और खुद निपटाते है मामला** वो महकमा ही ऐसा है कि कमाई के हर निकास को वो खुद तलाश लेता है। वो एक ऐसी गंगा है जिसमें भगवा वालों का आधा गांव नंगा है। जिनके यहां मेले लगने चाहिये वो यहां जेई के चेले बनकर काम कर रहे हैं। शिकायत बिजेनस से कई फूल वालों की दाल रोटी चल रही है और अब तो ये बात महकमें के सुपरवाईजरों तक की जुबान पर है। महकमें के सूत्र ने ही बताया कि इस पार से लेकर उस पार तक और पूर्व पार्षद से लेकर मौजूदा पदाधिकारी तक एक पूरी फेहरिस्त हैं जो अवर अभियंता की पाकेट के साकेट बने हुये हैं। शिकायत चेले करेगें और पूरे मामले को सैटल जेई करेगें। सुपरवाइजर ने ही खुलासा किया कि वत्स साहब अगर एक बार शिकायतो और निस्तारण का शिजरा खुलवा लें फिर ऐसे ऐसों की ईमानदारी के किस्से बाहर आयेगें कि शहर के लोग भी जान जायेगें। पहले शिकायत करेगें फिर उसे चुपके से वापिस भी ले लेगें। इस पूरे सीन में नोट वाला रिमोट अवर अभियंता के हाथ में ही रहा हैं और आगे भी रहेगा

### कटने वाला था गरदा उन्होने तो लगवा लिया था इनोवा पर परदा

फूलों की होली वाले सीन में जब सब होली खेल रहे थे तो फूल वालें ने ही कहा कि फूलों वाली सियासत तो अब उनकी फीलिग्स से खेल रही है। भगवा हाईकमान वाले जानते हैं कि ये सारे तीर हैं तो हमारी ही कमान के। वो जानते हैं लहर उनकी हैं इसी बहर में वो अब कश्ती को किनारा समझ रहे हैं। किनारा इसलिये कि हमारा टिकट मिलना ही सबकुछ है बाकी तो जीत कन्फर्म ही है। फूल कटने की बात चली और फीलिंग्स से खेलने का जिक्र आया तो कहानी उस नाम पर आ गई जिन्हे कई दरों से फुल आर्शीवाद मिला था लेकिन वो भी नही जानते थे कि पूरी उम्र की खिदमत का इनाम ऐसा मिलेगा कि अंग्रेजी में ऐन टाईम पर फूल कटेगा। बताने वाले ने कहा कि उन्हे नही पता था कि गारंटी अब केवल मोदी जी की ही मानी जाती है बाकी की गारंटी तो पता नही कहां घुस जाती है। उन्होने तो इनोवा में परदा भी लगवा लिया था और विकास के विजन का गरदा भी कटना था पूरी तैयारी थी लेकिन क्या बतायें कि उनका कुछ और ही कट गया

### ऐसा है कृपा का सीन यहां पहले भी तो रहे हैं तीन तीन

शुक्ला जी पर फिर से कृपा हुई और अधिसूचना से पहले उन पर हुई कृपा की सूचना आ गई और उन्हे लखनऊ बुलाकर ज्वाईन कराया गया। शुक्ला जी को ही रियल दर्जा प्राप्त बताया जाता था। इधर डीएम रहते हुये पांडे जी ने कहा था कि लखनऊ से दर्जा प्राप्त वाला विधिवत प्रोटोकाल तो शुक्ला जी के लिये ही है। बाकी गोयल जी और शर्मा जी को लेकर वो साईलेंट ही रहे थे। शुक्ला जी पर फिर कृपा हुई और वो मास्टरों के सेलेक्शन वाली कमेटी में बिफोर लोकसभा इलेक्शन ही ले लिये गये हैं। अब कैलकुलेशन लगाने वाले ने कहा कि अगर एक दर्जा प्राप्त आ गये हैं तो बाकी का चैप्टर क्लोज मानो तो यहां कृपा शिजरा भी फूल वाले ने ही समझाया। उसने कहा कि एक मंत्री कश्यप जी है लेकिन उसी जिले में शर्मा जी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया। जब शुक्ला जी पर कृपा हुई थी तो उसी समय कविनगर वाले गोयल जी पर व्यापारी और शर्मा जी पर पोलीटैक्निक वाली कृपा हुई थी। जब पहली पारी में तीन हो सकते थे तो इस बारी भी तीन हो सकते हैं

### मोटर वाले महकमें में कौन भगवा नेता करवा रहा है विकास

जो पहली पारी में क्रांति ला रहे थे वो दूसरी पारी में कतई शांति से काम कर रहे हैं। उनके खोपड़े में ये बात बैठ गई है कि भलाई शांत रहने में ही हैं और विकास करा कर ही कुछ भला हो सकता है। पार्क वाले मंच में उनका नाम आता है हालांकि ये टेंडर ऑन पेपर किसी त्यागी के नाम आता है। अब सुना है कि मोटर वाले महकमें में वो विकास करा रहे हैं। खुद खड़े होकर काम करा रहे है अब देखने वाले उन्हे देख रहे हैं और कह रहे हैं कि असली विकास और काम इसे ही कहते हैं।

# होली व रमजान को लेकर थाना वेव सिटी क्षेत्र के डासना में पीस मीटिंग आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी लोकसभा चुनाव, होली व रमजान के पावन पर्व को लेकर गाजियाबाद के थाना वेव सिटी क्षेत्र अंतर्गत डासना में पुलिस व क्षेत्रीय जिम्मेदार लोगों के बीच पीस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय समस्याएं सुनी गई। लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखते हुए कहा कि डासना ऐसा ऐतिहासिक कस्बा है जहांआज तक किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और यहां पर सभी लोग त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। बैठक में लोगों ने सड़कों पर कार की अवैध पार्किंग, बारात घरों का कूड़ा और कई क्षेत्रीय समस्या बताई। इस कार्यक्रम में एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा, थाना वेव सिटी प्रभारी अंकित कुमार, सभी चौकियों के चौकी प्रभारी सहित क्षेत्रीय सर्व समाज से सभी धर्मों से मौलाना, पंडित और ईद कमेटी के मुतवल्ली व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंवर डॉक्टर सौलत पाशा व क्षेत्रीय जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

### पूनम मिश्र एसीपी वेव सिटी ने कहा-

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने कहा कि सभी लोग आगामी होली के त्यौहार और रमजान को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी तरह का गलत कार्य को बढ़ावा ना दें और साथ ही सोशल मीडिया पर पैनी नजर प्रशासन की है।

किसी भी तरह की कोई पोस्ट बिना वेरीफाई किये ना डालें नहीं तो पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर सकती है और ज्यादा से ज्यादा चुनाव में मतदान करें, अपने अधिकार का प्रयोग करें तथा पुलिस का सहयोग करें।

# सीडीओ अभिनव गोपाल ने की स्वीप टीम के कार्यों की समीक्षा

- जनपद के लगभग 22 कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित करने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के दुर्गा रानी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी अभिनव गोपाल ने स्वीप टीम के साथ बैठक कर अब तक के हुए कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा आने वाले दिनों में किये जाने वाले कार्यों के बारे में चर्चा कर अधिकारियों और प्रभारियों को जिम्मेदारी निर्धारित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने आने वाले समय में जनपद के लगभग २२ कॉलेजों में समाज कल्याण अधिकारी द्वारा स्वीप से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को क्हा गया कि वह स्कूलों, विद्यालयों में प्री पी टी एम एवं पोस्ट पी टी एम कराएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी, अमरजीत सिंह, पीयूष श्रीवास्तव ,पवन कुमार भाटी जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा,श्रीमती पूनम शर्मा एस आर जी, श्रीमती रुचि त्यागी जिला समन्वयक, तनुज गंभीर, रिचा, शिवानी गोयल आदि ने प्रतिभाग किया। बैठक में श्रीमती ज्योति गुप्ता जीडीपीएस एवं धर्मेश, नितिन ऑनलाइन शामिल हुए।






# कमिश्नरेट में कार्यालयों से हटाई जा रही हैं तस्वीरें




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आचार संहिता लागू हुए कई दिन बीत चुके हैं। तो वहीं अधिकारियों को भी पता है कि अब उनका कुछ नहीं होने वाला है। इन सबके बीच जानकारी निकल कर आ रही है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अभी भी कई कार्यालय और स्थानों पर दफ्तर ऐसे हैं जहां वह तस्वीर लगी हुई जो नहीं लगी होनी चाहिए। सूत्र बता रहे हैं कि देहात के तो कई थानों में प्रभारियों और चौकी वालों ने अपने रूम से लेकर कार्यालय और पेशी से लेकर माल खाने तक से खास नेताओं की तस्वीरें हटवाने का काम किया है। वहीं अपने-अपने परिसर में भी तस्वीरें हटवाई गई हैं। उधर सूत्रों ने जानकारी दी है कि कमिश्नरेट के एक गेट पर प्रधानमंत्री की गारंटी वाला पोस्टर लगा था, जिसकी इलाके वाले एसीपी साहब को सूचना मिलने के बाद उसको रातों-रात हटवा दिया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी कई कार्यालयों की मेज और ऑफिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं खास स्थान पर भी अधिकारियों को अब अपना मूवमेंट बढ़ाने की आवश्यकता है। हमेशा रेलवे स्टेशन पर फोकस करने वाले अधिकारियों को अब कलेक्ट्रेट और मतगणना स्थल की ओर ध्यान देना चाहिए। पार्टी कहां से रवाना होंगी, उनके किन इलाकों में शराब तस्करों का जाल फैला हुआ है, कहां पर उनको होली को लेकर अधिक फोर्स व फोकस करना है। इसके साथ ही यह भी सुनने में आ रहा है कि चुनावी तैयारी को लेकर गुरुवार का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा है। लाइन में जहां नंबर दो वाले साहब ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक वाला सीन किया है। तो वहीं मैडम ने भी चुनाव को लेकर डाटा से लेकर कागजों की मांग की है। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि जो नोडल वाले साहब लोगों को भी आने वाले दिनों में और एक्टिव किया जाएगा। इसी के साथ मुख्यालय वाले साहब भी इस ओर ध्यान देंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के कार्यालयों और खास जगहों पर लगी राजनीतिक चेहरों की तस्वीरों को हटाने का काम बहुत तेज कर दिया गया है। अधिकांश जगह से उन्हें हटाया गया है, पर जहां बची हैं उनको भी रातों-रात शिफ्ट किया जा रहा है।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को नई पहचान देने में जुटी है संस्था 'पहचान'



**गौतमबुद्ध नगर,करंट क्राइम।** डाउन सिंड्रोम डे के अवसर पर पहचान संस्था द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल 'पहचान' में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागीरथ सेवा संस्थान के डायरेक्टर अमिताभ सुकुल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। डाउन सिंड्रोम बच्चों के लिए फैशन शो, रैंप वॉक, डांस व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पहचान संस्था द्वारा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. अरविंद गर्ग और डॉ. गोपाल की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के तरीके बताए।

साथ ही साथ समाज में डाउन सिंड्रोम के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। मेडिकल कैंप में डेंटिस्ट डॉ. संचित पाल द्वारा बच्चों के ओरल हेल्थ की जांच और इससे संबंधित सावधानी के बारे में बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्र अभिषेक, नवांश, यश, रिशु, गौरव, राजा, अरव, आर्जव, जयंत, कृष्णा, हनी, शानू, रुद्राक्ष, प्रतुष और छात्रा मिष्ठी ने अलग अलग प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अवसर पर भागीरथ संस्थान के डायरेक्टर अमिताभसुकुल ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में कोई न कोई विशिष्ट गुण अवश्य होते हैं, बस हमें उसे पहचाने व संवारने का कार्य करना है।

पहचान की प्रिंसिपल श्रीमती गीता तिवारी ने बताया कि पहचान संस्था द्वारा डाउन सिंड्रोम , ऑटिज्म, लर्निंग डिसेबिलिटी व बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए स्पेशल स्कूल का संचालन किया जा रहा हैं, जिसमें इन बच्चों की जरूरतों के अनुसार शिक्षा के साथ- साथ अन्य सुविधाएं जैसे स्पीच थैरेपी, फिजियो थैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी जाती हैं। इस खास मकसद में बच्चों के ट्रेनर सीमा, चंचल, शिल्पी, राखी, आकाश के साथ साथ पहचान की पूरी टीम की मेहनत शामिल है।

# चोरों ने पत्रकार के घर में चोरी को दिया अंजाम

**गाजियाबाद।** शिव शक्ति विहार लाजपत नगर साहिबाबाद में रहने वाले पत्रकार दयाल शर्मा के घर में चोरी की घटना सामने आई है। चोर घर में रखे इनवर्टर में से बैटरी निकाल कर ले गये हैं। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत मौजूदा पुलिस थाना साहिबाबाद में की है। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर एफआईआर दर्ज कर ली है। पहले ही चोर कई चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। अब एक पत्रकार के घर में चोरी हो गई है। पुलिस अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सिर्फ शिकायत दर्ज की गई है।

# दूसरी पत्नी को पहली पत्नी के मायके वाले उठा ले गए

**लोनी, करंट क्राइम।** पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरा निकाह करना युवक को भारी पड़ा। पहली पत्नी के मायके वाले बीती शाम दूसरी पत्नी को उठाकर अपने साथ ले गए।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने दूसरी पत्नी को पहली पत्नी के मायके से बरामद कर लिया है तथा आरोपियों के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की पूजा कॉलोनी निवासी सददाम ने बताया कि करीब सात वर्ष पूर्व उसकी बागपत से शादी हुई थी, लेकिन पांच छह माह बाद ही उसकी पत्नी झगड़ा कर मायके चली गई थी। करीब एक वर्ष पूर्व उसने अनस से दूसरा निकाह किया था। आरोप है कि पहली पत्नी की मां बिलकिस, भाई आरिफ, सादाब और सारिक उसकी दूसरी पत्नी अनस को घर से उठाकर अपने घर बागपत ले गए और उसे छोड़ने की एवज में सददाम की मांग करने लगे।

सददाम ने ट्रॉनिका सिटी थाने में उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रात में ही अनस को बागपत से बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि सददाम ने पहली पत्नी से तलाक लिए बिना ही अपने मामा की बेटी अनस से दूसरा निकाह कर लिया था। सददाम के विरुद्ध बागपत में पहली पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करा रखी है।












गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिंदगी के कामों के बीच विविध आयामों में जिंदगी का आनंद लेना कोई डॉक्टर नीरज गर्ग से सीखे। वो मेडिसिन से लेकर मेडिटेशन तक मास्टर हैं, वो गायन में है वो सामाजिक सरोकारों में है वो चर्चा ए सरकारों में हैं। लाइफ कितनी ही बिजी हो लेकिन जो इसको जीना जानते हैं उनके लिए सब कुछ इजी है। डॉ. नीरज गर्ग की पिकनिक मोमेंट्स की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# स्विट्जरलैंड शांति वार्ता में आमंत्रित किए गए पीएम मोदी

## रूस-यूक्रेन मुद्दा हल करने में भारत की भूमिका हो सकती है अहम !

बीते दो साल से अधिक का वक्त हो चुका है, रूस और यूक्रेन जंग लड़ रहे हैं। इस युद्ध ने दोनों पक्षों के हजारों लोगों की जान ले ली है और लाखों लोगों को अपने घर-बार छोड़ने पड़े। जंग कब खत्म होगी, यह अब दुनियाभर की चिंता बन चुकी है। दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध को खत्म करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्विट्जरलैंड में एक शांति वार्ता आयोजित की जानी है। वार्ता में भारत की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्रपति से बात की है।

**विशेष।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर वार्ता की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा हुई। पीएम मोदी ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत संवाद और कूटनीति के पक्ष में भारत की परंपरागत और निरंतर स्थिति को दोहराया।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि भारत और यूक्रेन के द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने पर विस्तार से बातचीत हुई।




पीएम ने 'युद्धविराम' और रूस के साथ दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध को खत्म करने का जिक्र करते हुए लिखा, 'शांति के सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को यथाशीघ्र समाप्त करने की दिशा में भारत निरंतर समर्थन करता रहेगा।'

### स्विट्जरलैंड वार्ता चर्चा में क्यों है ?

प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई वार्ता के बारे में जानकारी देते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने प्रस्तावित स्विट्जरलैंड वार्ता का जिक्र किया। जेलेंस्की ने लिखा, 'मैंने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, मानवीय सहायता और शांति फॉमूर्ला बैठकों में सक्रिय भागीदारी के लिए भारत के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की।'

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बताया कि उनके लिए भारत को औपचारिक शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेते देखना महत्वपूर्ण होगा, जिसकी तैयारी इस समय स्विट्जरलैंड में की जा रही है।

इस वार्ता का आयोजन स्विट्जरलैंड करने जा रहा है जो इसे समावेशी बनाना चाहता है। इसी सोच के तहत स्विस विदेश मंत्रालय ने ग्लोबल साउथ के नेताओं तक भी पहुंच बनाई है। फरवरी महीने में विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस के भारत और चीन दौरों में रूस-यूक्रेन संघर्ष सबसे बड़ा विषय था। इस कड़ी में अब खुद युद्धरत देश यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत को वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन दुनिया के उन सभी देशों के लिए खुला है जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।

युद्ध के शुरू होने के साथ दुनिया दो धड़ों में बंटना शुरू हो गई थी। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए तो अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए इसको मदद पहुंचानी शुरू कर दी।

दूसरी ओर चीन, दक्षिण कोरिया, ईरान जैसे देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस के साथ खड़े हुए। हालांकि, भारत ने किसी का पक्ष नहीं लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि भारत सार्वजनिक रूप से इस युद्ध की समाप्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

# मिडलटन की तस्वीर को लेकर जारी विवाद पर ट्रंप की चुटकी

**लंदन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ मामले पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि वेल्स की राजकुमारी ने वही किया जो सब करते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। मीडिया को साक्षात्कार देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, इसमे कोई बड़ी बात नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हर कोई तस्वीरों के साथ एडिटिंग करते हैं। आप फिल्मी अभिनेताओं को देखते हैं और उनसे मिलते हैं। उन्हें देखते ही आप यह सोचते हैं कि क्या तस्वीर में यही व्यक्ति है। मैंने वास्तव में उस पर गौर किया और इसमे बहुत ही मामूली एडिटिंग की गई थी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि इस पर इतना हंगामा क्यों हो रहा?



### क्या था पूरा मामला

बता दें कि पेट की सर्जरी के बाद मदर्स डे पर वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की पहली तस्वीर सामने आई थी। इस तस्वीर में राजकुमारी केट मिडलटन मुस्कुराती हुईं नजर आ रही हैं। तस्वीर में केट के तीनों बच्चे जॉर्ज, चार्लेट और लुइस भी थे। उनकी ये तस्वीर उनके पति प्रिंस विलियम ने ही क्लिक किया था।

तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, 'बीते दो महीनों में आपकी दुआओं और समर्थन के लिए धन्यवाद। सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं।' हालांकि, बात में इस तस्वीर को अपने प्लेटफॉर्म से हटाते हुए न्यूज एजेंसियों ने बताया है कि ऐसा लगता है कि तस्वीर से छेड़छाड़ की गई है।

# भारत के साथ हमारे संबंध पहले से अधिक मजबूत : रैटनर

● रूस से रिश्ते पर पेंटागन अधिकारी ने कही यह बात

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

**पहले से कहीं अधिक मजबूत संबंध :** हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।'



**यह है मामला :** बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, 'हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।'

स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं। मुझे लगता है कि उन्हें हमारे साथ और अधिक काम करने के लिए आगे बढ़ना हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।'

उन्होंने रैटनर से पूछा कि वह भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को कैसे देखते हैं और इसे मजबूत करने के लिए क्या जरूरी है।

**स्मिथ के सवाल का जवाब :** इस पर सहायक रक्षा मंत्री ने बताया कि वह अपने निजी क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं, विशेष रूप से रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

इसके अलावा संबंधों को मजबूत करने के लिए हमारे पास कुछ महत्वपूर्ण नई योजनाएं हैं। यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर नेवी एडमिरल जॉन एक्विलिनो भारतीयों के साथ कई महत्वपूर्ण अभ्यासों और अभियानों का नेतृत्व कर रहे हैं जो हमारे परिचालन समन्वय को बढ़ा रहे हैं।

### एक्विलिनो ने भी सहमति जताई

इस बयान पर एक्विलिनो ने भी सहमति जताई और कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के साथ अमेरिका के कई हित जुड़े हैं। उन्होंने कहा, 'सेना से सेना तक, हम एक साथ बहुत अधिक अभियान और अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने हमारे हेलीकॉप्टर खरीदे हैं, उनके पास सी-130 हैं।'

# पश्चिम एशिया के दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन

## इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से छठा दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एक बार फिर पश्चिम एशिया के दौरे पर हैं। अपने दौरे के तहत अमेरिकी विदेश मंत्री बुधवार को सऊदी अरब पहुंचे। एंटनी ब्लिंकन, सऊदी अरब सरकार के साथ इस्राइल हमास के बीच युद्धविराम के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। साथ ही अमेरिका की कोशिश है कि इस्राइल-हमास युद्ध अरब क्षेत्र में फैलने न पाए।

अमेरिकी विदेश मंत्री सऊदी अरब के बाद गुरुवार को मिस्त्र के दौरे पर जाएंगे और वहां के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि एंटनी ब्लिकंन इस्राइल का दौरा भी करेंगे और इस्राइली सरकार के साथ बंधकों की रिहाई के प्रयासों पर बात करेंगे। साथ ही ब्लिंकन गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के प्रयासों पर भी बात करेंगे। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी विदेश मंत्री का पश्चिम एशिया का यह छठा दौरा है। अमेरिका कोशिश कर रहा है कि सऊदी अरब, इस्राइल के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करे। इसके बदले में इस्राइल, फलस्तीन को कुछ राहत दे।



साथ ही सऊदी अरब चाहता है कि अमेरिका और इस्राइल उसके परमाणु कार्यक्रम को बनाने में समर्थन दें। सऊदी अरब, अमेरिका से सैन्य मदद भी चाहता है। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है।

### हमले की तैयारी में इस्राइल

गुरुवार को मनीला में पत्रकारों से बात करते हुए एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि पश्चिम एशिया के दौरे का उद्देश्य गाजा में युद्ध के बाद के हालात पर चर्चा और क्षेत्र में शांति स्थापित करना है। एंटनी ब्लिंकन का पश्चिम एशिया का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब इस्राइल राफा पर हमले की तैयारी कर रहा है।

# यूक्रेन की राजधानी पर रूस का मिसाइल हमला, आठ लोग घायल

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच रूस ने एक बार फिर गुरुवार तड़के कीव पर मिसाइल हमले किए। इस हमले में कम से कम आठ लोग घायल हुए। वहीं कई आवासीय इमारतें व औद्योगिक प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए।

बताया जा रहा है कि यूक्रेन ने जवाबी हमले किए, जिसके कारण राजधानी में सुबह पांच बजे के आसपास जोरदार धमाके सुने गए। वहीं, हवाई हमले की चेतावनी सुबह छह बजकर 10 मिनट पर समाप्त हुई।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, यह हाल के हफ्तों में यूक्रेन की राजधानी पर हुआ सबसे बड़ा हमला है। हालांकि, फिलहाल नुकसान का पता नहीं चला है।

### मलबा गिरने से लगी आग

यूक्रेन की सेना ने बताया कि रूस ने हाइपरसोनिक और बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया। कीव के पार्षद विताली क्लिट्सको ने बताया कि वायु रक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई कर मिसाइलों को मार गिराया। इन मिसाइलों का मलबा शहर के विभिन्न हिस्सों में गिर गया, जिससे कम से कम तीन आवासीय इमारतों और पार्किंग स्थलों में आग लग गई। हमले को देखते हुए पहले से ही आपातकाली सेवाओं को सतर्क कर दिया गया था।


प्रतीकात्मक चित्र

**सैन्य सहायता की आवश्यकता :** बता दें, हवाई हमला ऐसे समय में हुआ, जब रूसी सेना 600 मील से अधिक की सीमा रेखा के साथ कई स्थानों पर जमीनी हमलों के साथ आगे बढ़ रही है। इस हमले से एक दिन पहले ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा था कि देश को हमलों से बचाने के लिए सैन्य सहायता की आवश्यकता है।

# चीन-ताइवान में फिर तनातनी

## 32 लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार सुबह को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।

### चीन और ताइवान के बीच एक अनौपचारिक सीमा

रक्षा मंत्रालय का दावा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के इन 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए।



बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (टठऊ) ने बताया कि कल ताइवान में 15 चीनी सैन्य विमान और 10 नौसैनिक जहाज घुस आए।

# इंडोनेशिया के प्रबोवो सुबियांतो ने राष्ट्रपति चुनाव जीता

**जकार्ता।** प्रबोवो सुबियांतो को पिछले महीने हुए चुनावों में जीतने के बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। चुनाव आयोग ने इसकी पुष्टी कर दी है। उन्होंने, मतदान के बारे में कानूनी शिकायत दर्ज करने की कसम खाने वाले दो प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की है।



आम चुनाव आयोग के अध्यक्ष हसीम असियारी ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री प्रबोवो और उनके उप राष्ट्रपति पद के चल रहे साथी गिबरान राकाबुमिंग राका को 14 फरवरी के पहले दौर में 59 प्रतिशत या 96 मिलियन से अधिक वोट हासिल कर बहुमत प्राप्त हुआ।

# पाक : आर्थिक तंगी के कारण पीएम समेत पूरी कैबिनेट वेतन नहीं लेगी

## इमरान का दावा- चंद महीनों में गिरेगी सरकार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान अपनी सियासत और आर्थिक संकट के कारण लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बाद अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने देश की खस्ता आर्थिक स्थिति को देखते हुए वेतन न लेने का एलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक सरकार ने अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाने का फैसला लिया है। इस मकसद से सरकार की मितव्ययिता नीतियों के तहत मंत्रिमंडल की बैठक में वेतन और उससे जुड़े तमाम लाभ को छोड़ने का फैसला लिया गया।

### वित्त पोषित विदेश यात्राओं पर प्रतिबंध

गौरतलब है कि आर्थिक संकट की गंभीरता को देखते हुए शहबाज शरीफ का मंत्रिमंडल सरकार की तरफ से वित्त पोषित विदेश यात्राओं को प्रतिबंधित करने का एलान भी कर चुकी है। सरकार ने संघीय मंत्रियों, सांसदों और सरकारी अधिकारियों को विदेश यात्राओं पर नहीं जाने का आदेश दिया है। हालांकि, यात्रा के लिए सरकारी निधि का उपयोग जरूरी होने पर शहबाज शरीफ की सरकार से पहले से मंजूरी लेनी होगी।



देश की राजनीति से जुड़ी एक अन्य अहम घटना में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि शहबाज शरीफ के नेतृत्व में बनी सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेगी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार के कार्यकाल पर बयान देने के अलावा यह भी कहा कि उनकी कैद की सजा अगले पांच-छह महीने में समाप्त हो जाएगी।

# सूडान में हिंसक टकराव के कारण गहरा रहा भूख का संकट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता एजेंसियों ने आगाह किया है कि सूडान में पिछले 11 महीने से जारी बर्बर लड़ाई के कारण भूख संकट गहरा रहा है। इस वर्ष मई तक कुछ क्षेत्रों में खाद्य असुरक्षा हालात विनाशकारी स्तर तक पहुंच सकते हैं।

**इनके बीच जंग जारी :** जनरल अब्देल फत्तह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और मोहम्मद हमदान दगालो के समर्थन वाली अर्धसैनिक बल- रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच जंग चल रही है। पिछले साल अप्रैल से जारी लड़ाई में हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

**सबसे खराब मानवीय आपदाओं में से एक से गुजर रहा :** मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) में संचालन के निदेशक एडेम वोसोर्नू ने बुधवार को कहा कि हिंसक टकराव का एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। सूडान सबसे खराब मानवीय आपदाओं में से एक से गुजर रहा है।



**1.8 करोड़ लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे :** सूडान की सशस्त्र सेना और अर्द्धसैनिक त्वरित सुरक्षा बल (आरएसफ) के बीच पिछले वर्ष अप्रैल महीने में शुरू हुए युद्ध में 1.8 करोड़ लोग, यानि सूडानी आबादी का एक-तिहाई से अधिक हिस्सा अचानक खाद्य असुरक्षा से जूझ रहा है। इनमें से अधिकांश दारफूर, कोदोर्फान क्षेत्र और खारतूम व अल जजीराह प्रान्तों में हैं।

यूएन खाद्य एवं कृषि संगठन के उपमहानिदेशक मॉरिजियो मार्टिना ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी प्रान्तों में टकराव का दायरा फैल रहा है, जोकि अनाज उत्पादन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां कुल गेहूं उत्पादन की 50 फीसदी उपज होती है।

पिछले सप्ताह ॠअड की एक रिपोर्ट जारी हुई थी जिसके अनुसार अन्न के उत्पादन में 2023 में 46 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

**33 लाख टन अन्न के आयात की जरूरत :** उपमहानिदेशक मार्टिना ने बताया कि 2024 में 33 लाख टन अन्न के आयात की जरूरत होने का अनुमान है और इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सूडान की वित्तीय व संचालन क्षमता के प्रति चिंता बढ़ी है।

# पाक ने बांग्लादेश के माध्यम से भारत के खिलाफ रची साजिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर से बांग्लादेश के माध्यम से भारत के खिलाफ साजिशें रचनी शुरू कर दी हैं। इन साजिशों के तहत पाकिस्तान की आईएसआई और कुछ आतंकी संगठनों ने मिलकर स्थानीय पार्टी के नेताओं के साथ विशेष मुहिम को बढ़ाना शुरू किया है। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक इस अभियान को पाकिस्तान लगातार हवा देकर भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में दूरी बनाने की कोशिश कर रहा है।

एजेंसियों को इस बात के भी पुख्ता प्रमाण मिले हैं कि भारत के खिलाफ की जाने वाली इस साजिश में बीते एक दशक से कुछ कॉमन अभियान सामने आ रहे हैं। जो 2016 से भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। यही नहीं एजेंसी वाले पाकिस्तान के कई ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाला है जो बांग्लादेश के नाम पर भारत के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश में भी मालदीव की तरह इंडिया आउट अभियान को हवा दी जा रही है। बांग्लादेश में इस अभियान को आगे बढ़ाने वहां की विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े समर्थक और उनके कार्यकर्ता सामने आए हैं। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश की बीएनपी को न सिर्फ आईएसआई बल्कि पाकिस्तान के कुछ आतंकी संगठन इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए उकसा रहे हैं। बाकायदा इंडिया आउट अभियान के लिए न सिर्फ सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है, बल्कि भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## 8 साल पुराने अभियानों को फिर से किया गया सक्रिय




केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुछ पुराने हैश टैग को भी भारत के खिलाफ बढ़ाए जाने वाले अभियान के तौर पर देखा गया है। सूत्रों के मुताबिक हैशटैग इंडिया आउट का अभियान पाकिस्तान के मानी अब्दुल ने 5 सितबर 2020 को रात 8 बजकर 53 पर तैयार किया था।

इसी हैशटैग को दोबारा बंगलादेश में आगे बढ़ाया जा रहा है। यही नहीं 28 अगस्त 2016 को रात 10 बजकर 40 मिनट पर कश्मीर में माहौल खराब करने के लिए शुरू किया हैशटैग अभियान बायकॉट इंडिया तैयार किया गया था। जिसको आठ साल बाद बांग्लादेश में भारत के खिलाफ बनाए जा रहे माहौल में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियो से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इन सभी अभियान में पाकिस्तान की संलिप्तता सामने आ रही है।

### केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने व्यक्त की गंभीर चिंता

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि 27 अगस्त को पीटीआई के अलीम खान ने बॉयकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स नाम से सोशल मीडया पर हैश टैग अभियान शुरू किया था। इस अभियान को भी बांग्लादेश में भारत के खिलाफ बनाए जाने वाले माहौल में दोबारा शुरू किया गया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों की ओर से तैयार किए गए अभियान को बांग्लादेश में बढ़ाए जाने पर न सिर्फ गंभीर चिंता व्यक्त की है। बल्कि पूरी घटना की जानकारी केंद्र सरकार से भी साझा की है। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक भारत के खिलाफ बांग्लादेश में खड़े हो रहे इस बड़े अभियान में पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई का बड़ा हाथ है। खुफिया एजेंसियो को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी हाथ लगी है जिसमें भारत और बांग्लादेश के बेहतर रिश्तों को खराब करने में पाकिस्तान की साजिश का पता चला है।

# गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने किया होली मंगल मिलन आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को डायमंड बेंकेट हॉल में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने अपना वार्षिक अधिवेशन, स्थापना दिवस तथा होली मिलन समारोह आयोजित किया। अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के महासचिव राजकुमार अग्रवाल, इंद्रमोहन कुमार, जय कुमार गुप्ता, अम्बरीश जैन, सुबोध गुप्ता, राजीव मंगल, अविनाश चंद्र, नरेंद्र जैन, दीपक सिंघल, राधेश्याम सिंघल, मोहन लाल अग्रवाल, सतीश बंसल, राजीव गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, मुकेश कुमार, सौरभ गोयल, नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।